दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 04, अंक 21 | ग्वालियर बुधवार 10 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8





वजह पूछने पर बोले- कारण जानने आपको दिल्ली जाना होगा

# उत्तराखंड में सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा

**देहरादून । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पद से इस्तीफा दे दिया है। रावत ने अपना इस्तीफा राज्यपाल बेबी रानी मौर्या को सौंपा है। इसके बाद उन्होंने कहा कि मैं लंबे समय से राजनीति में काम कर रहा हूं। आरएसएस में प्रचारक के तौर पर काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन महामंत्री के नाते, लगभग चार वर्ष से पार्टी ने मुझे देवभूमि में सेवा करने का मौका दिया। यह मेरा परम सौभाग्य रहा है या कहूं यह स्वर्णिम अवसर था। एक छोटे से गांव में जहां आज भी 7-8 परिवार रहते हैं।**

उस गांव में मैंने सैनिक के परिवार में जन्म लिया। मेरे पिताजी पूर्व सैनिक थे। कभी कल्पना भी नहीं की थी कि पार्टी इतना बड़ा सम्मान देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में ही यह संभव था कि एक छोटे से गांव के कार्यकर्ता को इतना बड़ा सम्मान मिला और चार मुझे सेवा करने का मौका दिया। पार्टी ने विचार किया और संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया कि मुझे अब किसी और को



मौका देना चाहिए। चार वर्ष में 9 दिन शेष हैं और इतना मौका मुझे पार्टी ने दिया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि पार्टी मुख्यालय में बुधवार सुबह 10 बजे विधानमंडल की बैठक होगी। मीडियाकर्मियों ने त्रिवेंद्र से पूछा कि इस्तीफा देने के पीछे का कारण क्या है,तब उन्होंने जवाब दिया कि कारण जानने के लिए आपको दिल्ली जाना पड़ेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार में मंत्री धन सिंह रावत, त्रिवेंद्र सिंह रावत के मजबूत विकल्प के रूप में उभरे हैं। उत्तराखंड से सांसद अजय भट्ट और अनिल बलूनी को भी मुख्यमंत्री पद के मजबूत दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात की थी। जिसे शिष्टाचार मुलाकात का नाम दिया जा रहा था लेकिन फिर मंगलवार की शाम 4 बजे रावत राजभवन पहुंचे। जहां पर उन्होंने राज्यपाल बेबी रानी मौर्या को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## पीएम मोदी ने भारत-बांग्लादेश मैत्री सेतु का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** मोदी ने भारत-बांग्लादेश मैत्री सेतु का उद्घाटन किया, बोले- त्रिपुरा को मिला डबल इंजन का फायदानई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत और बांग्लादेश के बीच फेनी नदी पर बने मैत्री सेतु का मंगलवार को उदघाटन किया। इसके अलावा पीएम ने त्रिपुरा में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2017 में त्रिपुरा ने विकास का डबल इंजन लगाने का फैसला किया और आज इस डबल इंजन के फैसले के कारण जो परिणाम निकले, वो आज आपके सामने है। बांग्लादेश दौरे के दौरान पीएम मोदी ने बांग्लादेश में अपनी समकक्ष शेख हसीना के साथ त्रिपुरा को बांग्लादेश से सीधे जोड़ने वाले ब्रिज का शिलान्यास किया था ।पीएम मोदी ने कहा कि आज से तीन साल पहले आप लोगों ने एक नया इतिहास रचा था और पूरे देश को मजबूत संदेश दिया था। दशकों से राज्य के विकास को रोकने वाली नकारात्मक शक्तियों को हटाकर त्रिपुरा के लोगों ने एक नई शुरुआत की थी।



## ससुराल में पत्नी को पहुंची हर चोट के लिए पति जिम्मेदारः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।**

**सुप्रीम कोर्ट ने ने अपनी पत्नी से मारपीट करने वाले एक शख्स की अग्रिम जमानत की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि ससुराल में पत्नी को लगी चोट के लिए पति ही जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भले ही यह चोट किसी अन्य रिश्तेदार की वजह से आई हो लेकिन इसके लिए पति को ही जिम्मेदार माना जाएगा। मारपीट के आरोपी शख्स की यह तीसरी शादी है जबकि महिला की दूसरी शादी है।**



शादी के एक साल बाद साल 2018 में दोनों ने बच्चे को जन्म दिया था। बीते साल जून में महिला ने लुधियाना पुलिस में अपने पति और ससुरालवालों के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। महिला का आरोप था कि दहेज की मांग पूरी न करने पर उसे उसके पति, ससुर और सास ने बेरहमी से पीटा था। जब शख्स के वकील कुशाग्र महाजन ने अपने मुवक्किल को अग्रिम जमानत दिए जाने का अनुरोध किया तो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, %आप किस तरह के आदमी हैं? महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति उसे गला दबाकर मारने वाला था। उसका आरोप है कि उसका गर्भपात हो गया। आप किस तरह के आदमी हैं कि एक क्रिकेट बैट से अपनी पत्नी को पीटते हैं?% जब वकील ने कहा कि महिला ने खुद आरोप में कहा है कि उसके ससुर उसे बैट से पीटा करते थे तो इस पर सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, %इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पिता या आप उसे बैट से मारा करते थे। जब ससुराल में एक महिला को चोट लगती है तो प्राथमिक जिम्मेदारी पति की होती है।% इसके बाद बेंच ने शख्स की याचिका खारिज कर दी। बता दें कि इससे पहले पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने भी पति को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

## बैलेट पेपर से हो चुनाव तब मोदी सरकार एक भी सीट नहीं जीतेगी

**चंडीगढ़ ।** पंजाब विधानसभा में पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक नवजोत सिंह सिद्धू ने चुनावों में प्रयोग हो रही ईवीएम पर सवाल उठाकर कहा कि चुनाव ईवीएम मशीन से नहीं, बैलेट पेपर होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग अगर बैलेट पेपर से करवाएं ,तब साफ हो जाएगा कि कौन कितने पानी में है। सिद्धू ने कहा कि कई विकसित देश ईवीएम पर पाबंदी लगाकर बैलेट पेपर से चुनाव करवा रहे हैं। पिछले कुछ साल से संस्थाओं को कठपुतली बनाा जा रहा है, तानाशाही के खिलाफ कोई भी आवाज उठाता है,तब उस डराया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर बैलेट पेपर से चुनाव करवाए जाते हैं,तब केंद्र सरकार एक भी सीट नहीं जीत पाएगी। सिद्धू ने ईवीएम मशीन के प्रयोग के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव लाने की भी वकालत की। लोक इंसाफ पार्टी के विधायक सिमरजीत बैंस ने मुद्दे को उठाकर कहा कि महाराष्ट्र की तर्ज पर पंजाब विधानसभा में भी ईवीएम के खिलाफ प्रस्ताव लाना चाहिए। नवजोत सिंह सिद्धू के बाद विपक्ष के नेता हरपाल चीमा ने भी ईवीएम मशीन को बंद करने की मांग उठाकर कहा कि दिल्ली विधान सभा में भी ईवीएम की मॉक टेस्टिंग हुई है, जिसमें मशीन को टेंपरिंग करने की बात का खुलासा हुआ है। इस पर विधानसभा स्पीकर राणा केपी सिंह ने कहा कि यह विधानसभा का मामला नहीं है। ईवीएम मशीन को लेकर भारत में चुनावों के दौरान राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।



## वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भी लगा कोरोना का टीका

**नई दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली में कोरोना के टीकाकरण अभियान के प्रति पिछले कुछ दिनों से लोगों में ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है। इस वजह से टीकाकरण लगातार बढ़ रहा है। इस कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने भी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में मंगलवार सुबह कोरोना का टीका लगवाया। बता दें कि इससे पहले सोमवार को 35,638 लोगों ने टीका लिया। इसके तहत 28,422 लोगों को टीके की पहली डोज व 7316 लोगों को टीके की दूसरी डोज दी गई। यह दिल्ली में अब तक एक दिन में टीकाकरण का सर्वाधिक आंकड़ा है। खास बात यह है कि 35 हजार से अधिक लोगों को टीका लगने के बावजूद सिर्फ एक व्यक्ति को हल्का दुष्प्रभाव हुआ। इसलिए टीके से किसी को ज्यादा परेशानी नहीं हो रही है।




## तमिलनाडु चुनाव के लिए किया दिनाकरन की पार्टी से गठबंधन- ओवैसी

**नई दिल्ली।** अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम के नेता टीटीवी दिनाकरन ने सोमवार को असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन की घोषणा कर दी। तमिलनाडु विधानसभा का चुनाव दोनों पार्टियां मिल कर लड़ेंगी। ओवैसी की पार्टी को राज्य में तीन सीटें दी गई हैं। दिनाकरन ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एएमएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाले एआईएमआईएम को तमिलनाडु में तीन विधानसभा सीटें- वानीयंबादी, कृष्णागिरि और शंकरपुरम दी गई हैं। तमिलनाडु में छह अप्रैल को सभी 234 सीटों पर विधानसीाा चुनाव होना है। तमिलनाडु समेत पांचों राज्यों के नतीजों का ऐलान दो मई को एक साथ होगा। दिनाकरन ने यह ऐलान पिछले दिनों एआईएडीएमके की नेता वीके शशिकला के राजनीति से रिटायर होने के बाद किया है। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की काफी खास रहीं शशिकला जनवरी महीने में जेल से बाहर आई थीं। भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें चार साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।





ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है
सम्पर्क करें
जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश
फोन: 0751-4901403
मो. 7879637585, 8770253710
Website-www.pushpanjalitoday.com
Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

भोपाल | मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र

## किसान कर्जमाफी को लेकर विपक्ष का हंगामा

**भोपाल।**

**मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को सदन की कार्यवाही हंगामेदार रही। किसान कर्जमाफी को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया तो वहीं सदन में एससी-एसटी के छात्रों को स्कॉलरशिप नहीं मिलने का मुद्दा भी उठा। किसान कर्जमाफी के मुद्दे पर सरकार ने पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। दरअसल, मध्य प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई। इस दौरान कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने किसान कर्जमाफी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से सवाल किया था कि कमलनाथ सरकार के दौरान 27 लाख किसानों की कर्ज माफी की गई थी। शेष किसानों की कर्ज माफी कब तक होगी?**



इसका जवाब कृषि मंत्री कमल पटेल ने देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार और राहुल गांधी झूठ बोलते हैं। कमलनाथ सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। इस पर कांग्रेसी विधायक भड़क गए और हंगामा करने लगे। विपक्षी विधायकों ने आरोप लगाया कि शिवराज सरकार किसान विरोधी है। वह किसानों का कर्ज माफ नहीं करना चाहती है, इसलिए कृषि मंत्री सदन में जवाब नहीं दे रहे हैं। इतना सुनते ही कमल पटेल के बचाव में बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा और गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कर्ज माफी को लेकर कमलनाथ सरकार पर किसानों को धोखा देने के आरोप लगाए। सदन में हंगामा बढ़ गया तो विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने सदन की कार्यवाही को 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी ।सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि सरकार सिर्फ इतना बताए कि किसानों की कर्ज माफी होगी या नहीं? इसका जवाब कृषि मंत्री कमल पटेल देते, उसके पहले ही नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस पर आरोप लगाना शुरू कर दिया। इस पर कांग्रेस ने भी आरोप लगाया कि सरकार विधानसभा में यह स्वीकार कर चुकी है कि मध्य प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्जा कमलनाथ सरकार ने माफ किया था।

# अंतिम साँसे लेती बैराड़ नगर परिषद की व्यवस्था नहीं कोई देखने को जिम्मेदार

**धीरज ओझा पुष्पांजली टुडे**

**बैराड़।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर चम्बल सम्भाग में सबसे पिछड़ी हुई नगर परिषद है तो वह बैराड़ नगर परिषद है जहाँ पर भृष्टाचार की बात की जाए तो यहाँ पर जमकर भृष्टाचार हुआ है जहाँ पर जिम्मेदारों का इस ओर नहीं है कोई ध्यान। शहर में बंद पड़ी है स्ट्रीट लाइट व्यवस्था इशहर की अधिकतर स्ट्रीट लाइट रात के समय बंद रहती है लोगों का कहना है कि ये स्ट्रीट लाइट कभी जलती ही नहीं है ऐसे में रात के समय में दिक्कत आती हैं दूसरी तरफ़ नगर परिषद का दावा है कि शहर में सभी लाइट चालू है और शिकायत मिलने पर ठीक कर दी जाती हैं लेकिन सच्चाई इससे कोसो दूर है शहर के मुख्य मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइट लगभग 80 प्रतिशत बंद पड़ी है जबकि शहर के मुख्य मार्गो पर नगर परिषद द्वारा खुद मेंटिनेंस का कार्य किया जाता है लेकिन पिछले महीनों से रात के समय में स्ट्रीट लाइट नही जलती है इससे आपराधिक घटना होने की आशंका ज्यादा रहती हैं पेयजल संकट से परेशान हैं शहर वासी नगर परिषद की लापरवाही के कारण बैराड़ नगर वासियों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है जो लोग आर्थिक रूप से सम्पन्न है वह तो निजी टैंकरों से पेयजल का इंतजाम कर लेते है लेकिन पिछड़ी में गर्मी में पेयजल के लिए लोगो को संघर्ष करना पड़ता हैं पिछड़ी बस्तियों में पेयजल के लिए जो ट्यूबवेल लगाये गए वह खराब पड़े हैं मजबूरी लोग दूर से कुँए का गंदा पानी पीने को हैं मजबूर हैं।




## शहर में कई जगह गंदगी बदबू से है लोग परेशान

प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाये गए स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाने बैराड़ नगर परिषद नहीं छोड़ रही कोई कसर चाहे बस स्टैंड की हालत हो चाहे पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र एवं शहर की कई जगह सफाई व्यवस्था केवल दिखावा ही रही बाँकी जहां पर आसपास में सड़ाँध से लोग परेशान हैं इस समस्या को लेकर कई बार लोगो ने सीएम हेल्पलाइन भी दर्ज कर रहे है लेकिन एक या दो दिन ही सफ़ाई की जाती हैं मगर यहां के अधिकारियों को किसी से कोई मतलब नहीं है ,इन्हें तो सिर्फ एक मोटी वेतन पाने से मतलब है। साथ ही नगर परिषद बैराड़ में पदस्थ सीएमओ साहब का न आने का पता न जाने का पता।,ऑफिस में नहीं मिलते हैं सीएमओ बैराड़ ,नगरवासी छोटे-छोटे काम कराने के लिए भी दर-दर भटकते रहते हैं।

## अधिकांश ट्यूबवेल पड़े हैं बंद

नगर परिषद के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण वार्डो में लगे अधिकांश ट्यूबवेल बंद पड़े हैं और जो चल रहे है उनमें पाईप लाइन कम की स्थिति बनी हुई है जबकि हम इस समस्या को कई बार सामने ला चुके है फिर जिम्मेदार नहीं देते कोई ध्यान।

## इनका कहना है

बाजार में बहुत दिन 5स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है जिससे कि रात्री के समय आने जाने में परेशानी होती है

**ओमप्रकाश**
**समाज सेवी बैराड़**

हमारी वार्ड में महीने से सफाई नही हुई नाही कोई कर्मचारी आया केवल कभी कभी फोटो सेशन के लिए झाड़ू हाथ मे लेकर चले जाते।

**छोटू**
**वार्ड नं 02 पुराना बैराड़**

मुझे बताया गया है में सीएमओ एवं अन्य बरिष्ठ अधिकारियों से बात करूंगा।

**धीरज व्यास**
**समाज सेवी एवं पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद बैराड़**

बैराड़ नगर परिषद को एकाद दिन में नया सीएमओ मिल जाएगा

**सुरेश धाकड़**
**(राण्ठखेड़ा) पीडब्ल्यूडी**
**राज्य मंत्री मध्यप्रदेश शासन**

जब हमारे संवाददाता ने प्रशासक एसडीएम जेपी गुप्ता की राह जानी तो बताया कि आप नगर पालिका चले जाओ और आवेदन की कॉपी मुझे दो

**जेपी गुप्ता**
**एस.डी.एम. पोहरी**

## संक्षिप्त समाचार

### जन सुनवाई में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच 109 आवेदक

**दतिया।** कलेक्टर श्री संजय कुमार ने मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट के निदान केन्द्र में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्यायें लेकर आए प्रत्येक आवेदक को अपने पास कुर्सी पर बैठाकर उनकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता एवं धैर्य के साथ सुना और जन सुनवाई में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एके चॉंदिल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित जिला अधिकारीगण उपिस्थत थे। कलेक्टर श्री कुमार ने जन सुनवाई कार्यक्रम में आए 109 आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि आप अपनी समस्याओं को लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों से आए है जिनका निराकरण किया जायेगा। साथ ही आप लोग कैंटीन में भोजन करके ही अपने घर वापस जाए। इसके लिए आवेदकों को कलेक्ट्रेट की कैंटीन के निःशुल्क भोजन के कूपन भी प्रदाए किए। जन सुनवाई के दौरान भूमि पर अवैध कब्जा, उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान न मिलने, बीपीएल कार्ड बनवाने, राजस्व अभिलेख है इन्द्राज न होने, नहर में पानी रोकने, सर्प दंश के प्रकरण, वृद्वावस्था पेंशन, शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### वृद्धजनों की समस्याओं के निरारण हेतु कैम्प का आयोजन करे

**दतिया।** वृद्धजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए दतिया, नगर परिषद सेवढ़ा, भाण्ड़ेर, इन्दरगढ़ और बड़ौनी में वृद्धजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर आयोजित करें। कलेक्टर श्री संजय कुमार ने जिले के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दतिया, सेवढ़ा, भाण्ड़ेर, इन्दरढ़ बड़ौनी को निर्देश दिए है कि माता-पिता भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2009 के तहत् वृद्धजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु कैम्प आयोजित हो। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला स्तरीय समिति द्वारा लिये गए निर्णय अनुसार प्रत्येक नागरिक जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का है उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सभी नगरीय निकायों में कैम्प आयोजित करें और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करें।

### आधार पंजीयन केन्द्र संचालन हेतु आवेदन ऑन लाईन 10 मार्च तक

**दतिया।** जिले में आधार पंजीयन केन्द्रों की स्थापना हेतु एमपीएसईडीसी को स्टे रजिस्ट्रार (राज्य पंजीयक) नियुक्त किया गया है। आधार रजिस्ट्रेशन सेंटरों की स्थापना के लिए एमपीएसईडीसी को स्टेट को स्टेट रजिस्ट्रार द्वारा आधार पोर्टल (ीजजचेरूध्धूूउचेमकबण्हवअण्पद) विकसित किया गया है। उक्त पोर्टल के माध्यम से आधार पंजीयन केन्द्र संचालन हेतु आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदन पोर्टल ीजजचेरूध्धूूउचेमकबण्हवअण्पद पर ऑनलाईन दर्ज करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2021 रखी गई है। आवेदक को एनएसईआईटी द्वारा सुपरवाईजर प्रमाणपत्र धारक होना चाहिए तथा आईडी जनरेट होने के उपरांत पांच सौ रूपये के स्टॉप पर जिला ई-गवर्नेन्स सोसायटी से अनुबंध करना होगा तथा धरोहर के रूप में 25 हजार जमा करने के पश्चात् आधार पंजीयन एवं अपडेशन का कार्य प्रारंभ कर सकेगा।

# शिवपूरा के रा बालिका उ प्रा विद्यालय मे आज वार्षिक समारोह मनाया गया

**पुष्पांजली टुडे पाली :-**

सोजत उप प्रधान कन्हैया लाल ओझा जिला परिषद सदस्य चुनीलाल सरपंच प्रतिनिधि नेमाराम उप सरपंच मानसिंह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हरीश सिरवी दिग्विजय सिंह भवर लाल सिलु गोरधन देवासी पीओ राजेंद्र प्रसाद चुत्राराम नारायण सिंह महेंद्र गुजर नरपत सिह की मोजूदगी मे रंगारंग कार्यकर्म हुआ जिसमे सबसे पहले माँ सर्वसती की पूजा अर्चना की फिर सभी मेहमानों का स्वागत किया गया उसके बाद गाँव के भामासहो का भी स्वागत किया गया और सभी को मोमेंटो दिये उप प्रधान और जिला परिषद सदस्य ने बालिका विधालय मे एक एक कमरा बनाने की घोषणा की पंचायत समिति सदस्यों ने बचियो के लिए फर्निचर की व्यंस्था करेगे और भी भामासहो ने विधालय के लिए सहयोग किया सरपंच प्रतिनिधि नेमाराम ने भी विधालय मे पानी का टाँका सोचालय भी बनवाया और भी काम होगा जल्दी से करेगे विधालय के स्ताफ किशोर सिंह जी रफीक जी अशोक जी दिनेश जी सतवीर जी हेमलता सोनल कालुजी आदि रहे और भी गाँव के लोग व विधालय स्टाप मौजूद रहे



# भारतीय संस्कृति हमे एकता के सूत्र में बांधती है-जेपी भैया

**ग्वालियर(अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**

अलग-अलग भाषाएं अलग-अलग परिधान हमारे देश की संस्कृति है और हमारी संस्कृति ही देश की पहचान है जानते हैं हमारे वर्ग अनेक लेकिन जब बात राष्ट्र की आती है तो हम सब एक है यह बात युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा ने महेंद्र स्मृति शिक्षा एवं प्रसार समिति द्वारा सीटी सेंटर शिवाजी उद्यान में आयोजित सांस्कृतिक एवं नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहीं इससे पहले अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं गायक कलाकार द्वारा सरस्वती बंदना कर प्रथम प्रस्तुति दी गई इसके बाद कई कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसे देखकर वहां उपस्थित सभी दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण शासकीय अधिवक्ता लोकेंद्र श्रीवास्तव संस्था के अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर एवं युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा द्वारा नारी शक्ति का सम्मान किया गया इसके अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में सरहनीय कार्य के लिए प्रेमलता कुशवाह चिकित्सा के लिए डॉ पद्मा पाठक अधिवक्ता के क्षेत्र में रेनू जैन समाजसेवी एवं योग के प्रति लोगों को जागरूकता के लिए गायत्री शर्मा और शुलेखा शर्मा पुलिस विभाग में अच्छा कार्य करने के लिए रेनू सिंह का सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन रणवीर रायपुरिया ने किया एवं आभार व्यक्त समिति के सचिव अनूप सिंह तोमर ने किया इस दौरान संस्था के सदस्य जय बिल्ला,मनोज रत्नाकर,शिवम भारद्वाज,मनोज विश्वकर्मा,विवेक शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर नारी शक्ति को किया सम्मानित**

# किशन खंडेलवाल विकलांग बल मध्यप्रदेश श्योपुर के जिलाध्यक्ष बने

**विनोद पाठक पुष्पांजली टुडे**

विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश सलाहकार जसवंत राठौर जी की सलाह से प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक जी के सहयोग से मध्यप्रदेश का विस्तार करते हुए प्रदेश प्रभारी हेमंत सिंह कुशवाह जी ने श्योपुर में विकलांग बल को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले जिलाध्यक्ष विनोद पाठक जी के स्थान पर किशन खंडेलवाल जी को विकलांग बल श्योपुर का जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है नवनियुक्त जिलाध्यक्ष किशन खंडेलवाल जी ने प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक जी, प्रदेश सलाहकार जसवंत राठौर जी, व प्रदेश प्रभारी हेमंत सिंह कुशवाह जी का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि हमें जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर हम खरा उतरते हुए विकलांग साथियों के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार को रोकने तथा उनके अधिकारों को दिलवाने के साथ साथ जिन विकलांग साथियों ने विकलांग बल का साथ छोड़कर गलत रास्ता अपनाने वालों को हम सत्यमार्ग पर लाने का प्रयास कर सदैव विकलांग बल के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर कार्य करने का आश्वासन दिया है!



# मन्दिर के पास शराब की दुकान से श्रद्धालु परेशान

**पुष्पांजली टुडे मऊरानीपुर(झांसी)**

मुहल्ले में दो मंदिरों के बीच खुली देशी शराब की दुकान पर शराब पीकर आये दिन हंगामा होने से परेशान छेत्र वासियो ने शराब एवं अंडा की दुकान हटवाने के लिये उपजिलाधिकारी के नाम दिये पत्र में बताया कि समय रहते कार्यवाही नही हुई तो कभी भी शांति भंग हो सकती है। बस स्टैंड नई बस्ती निवासी कमला, रोहणी, कल्पना, साबिया, आनन्दी, रोशनी, हरदेवी, रामकुंवर बद्री प्रसाद,अनिल, रामकुमार, नरेश, दिनेश, सन्तोष, प्रकाश आदि ने बताया कि बस स्टैंड पर प्राचीन देवी जी का मंदिर है इसके चंद कदमो के पास काली जी का मंदिर है सभी छेत्रवासी यहाँ सुबह शाम पूजा करने आते है। यहाँ दोनो मंदिरों के बीच खुली देशी शराब की दुकान पर शराबी नशे में आपस में लड़ते हैं साथ ही नशे में आकर गालीगलौच करते है यह क्रम सुबह से देर रात तक चलता है साथ ही सभी नशे में धमाचौकड़ी मचाते है जिससे आवागमन पूजा पाठ के अलावा रहना तक दुश्वार है छेत्र वासी गेट बंद कर मजबूरी में रह रहे है।बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के सख्त आदेश है कि मन्दिर के 500 मीटर तक कोई भी शराब की दुकान नही खुलनी चाहिए हैरत की बात यह कि मुख्यमंत्री के आदेश भी पुलिस और आबकारी विभाग ताक पर रखे है।




# कलेक्टर ने पोषण प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**दतिया।** कलेक्टर श्री संजय कुमार ने पोषण प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी भविष्य में नगर के व्यस्तम क्षेत्र किला चैक पर आयोजित की जाए। जिसका अधिक से अधिक जन सामानय लाभ ले सके। कलेक्टर श्री कुमार मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा डाईट में आयोजित पोषण प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर श्री कुमार ने पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में इस प्रकार की प्रदर्शनी औपचारिकताएं न रहे। बल्कि ऐसी प्रदर्शनियों का आयोजन ऐसे स्थलों पर किया जाए जहां अधिक से अधिक लोग प्रदर्शनियों का लाभ ले सके। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि 40 वर्ष पूर्व यूनीसेफ के सहयोग से आंगनबाड़ी केन्द्र शुरू किए गए थे। इन केन्द्रों को शुरू करने का मुख्य मकसद शहर के बच्चों के समान ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी तथा प्ले स्कूलों के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा देना था। उन्होंने विभाग के मैदानी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी केन्द्र समय पर खुले। आंगानबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका आपसी समन्वय बनाकर अति कम वजन वाले बच्चों को अतिरिक्त पोषण देकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाए। कलेक्टर श्री कुमार ने पोषण प्रदर्शनी में पोषक तत्व युक्त बनाए गई वस्तुओं की सराहना करते हुए विभाग की परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विकासखंड की पांच आंगनबाड़ी केन्द्र आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित हो। इन केन्द्रों को विकसित करने वाली पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को पुरस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरविन्द उपाध्याय, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक आदि उपस्थि थी।

**पोषण प्रदर्शनी किला चैक पर आयोजित हो**

### सर्व जातीय आदर्श विवाह सम्मेलन 24 जून 2021 को बंगरा में होगा

**मऊरानीपुर(झांसी)।** मोहल्ला गोपालगंज में रामकिशोर आर्य की अध्यक्षता में सर्व जातीय आदर्श विवाह समिति की बैठक हुई। जिसमें वेदमाता गायत्री एवं सद्गुरु कबीर साहेब की जयंती पर 24 जून 2021 को 108 सर्व जातीय गरीब कन्याओं का आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बंगरा पर होगा। जिसके लिए विवाह योग जोड़ों का पंजीयन निशुल्क होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मार्च 2021 तय की गई। बैठक में सुरेशचंद्र बबेले ने युगदृष्टा, वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के वाक्य- अगर रुकना है बर्बादी, बंद करो खर्चीली शादी को दोहराते हुए कहा कि खर्चीली शादियां मनुष्य को दरिद्र और बेईमान बनाती हैं , इसलिए हम सभी को अपने-अपने विवाह योग्य बेटा-बेटियों की शादी आदर्श विवाह के रूप में बिना दहेज की करनी चाहिए। जयप्रकाश व्यास ने कहा अनाचार का अंत हो, दहेज प्रथा बंद हो, अगर अनाचार -दुराचार की घटनाओं को रोकना है, तो दहेज प्रथा बंद करना होगी।

**बदमाश हो जाएं सावधान दतिया पुलिस बख्शने वाली नहीं**

# थाना कोतवाली एवं चिरुला पुलिस ने मय माल के शातिर चोर किये गिरफ्तार

**पुष्पांजली टुडे दतिया**

शहर में दिनांक 07/03/ 2021 को हुई सनसनीखेज चोरी की ( टीवी के शोरूम में वारदात को) पुलिस अधीक्षक दतिया अमन सिंह राठौर ने गंभीरता से लेते हुए चोरी की वारदात को ट्रेस करने हेतु पुलिस को निर्देशित किया एडिशनल एसपी श्री कमल मोर एसडीओपी दतिया अनुभाग श्री सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली से रविंद्र सिंह गुर्जर एवं थाना प्रभारी चिरुला भूमिका दुबे की टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जिसके द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि चोर मय माल के फरार होने एवं माल को ठिकाने लगाने झांसी की तरफ जा रहे हैं कोतवाली एवं थाना चिरुला टीम के द्वारा चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान एक ऑटो आता दिखाई दिया जिसे रोककर तलाशी ली गई तो उसमें रवि कुशवाहा एवं काशीराम कुशवाहा निवासी का लाला ल का ताल मिले एवं ऑटो से पुलिस को देखकर हेमंत कुशवाहा, काले कुशवाहा, आनंद कुशवाहा एवं एक अन्य अज्ञात भाग गए पकड़े गए चोर रवि कुशवाहा एवं काशीराम कुशवाहा से सघनता से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि दिनांक 7/03/2021 की रात्रि नीलकमल शोरूम की छत की चादर ओढ़ कर आठ एलईडी बड़ी टीवी चोरी की थी एवं वहां से कुछ नगद रुपए भी चोरी किए गए थे उन्हें बरामद किया गया इसके अलावा चोरों के द्वारा 12 2021 को किला चौक भवानी पार्क के जनरल स्टोर की दुकान मैं भी चोरी की थी वह भी चोरी इनके द्वारा करना बताया है उक्त चोरों के द्वारा दतिया में अन्य कई स्थानों पर चोरी कर बताया है जिसकी तस्दीक कर शीघ्र खुलासा किया जावेगा सराहनीय कार्य - टीआई रविंद्र सिंह गुर्जर थाना कोतवाली दतिया थाना प्रभारी चिरुला भूमिका दुबे एव एसआई मनोज गौतम एसआई हरेंद्र प्रधान आरक्षक विनोद तिवारी प्रधान आरक्षक शिवकुमार आरक्षक राजीव वर्मा आरक्षक कपिल आरक्षक गुरुशरण आरक्षक गजेंद्र आरक्षक के सब आरक्षक राघवेंद्र आरक्षक सोनपाल आरक्षक आदित्य की मुख्य भूमिका रही।



# जल ही जीवन है जल के विना जीवन की कल्पना भी मुश्किल है

**ब्रजपाल गुर्जर पुष्पांजली टुडे रिपोर्टर**

मेहगांव मध्यप्रदेश शहरी सेवा उन्नयन कार्यक्रम की उपपरियोजना अंतर्गत नगरपरिषद मेहगांव की जलावर्धन योजना में जन सहभागिता एवं जन जागरूकता बढ़ाने तथा परियोजना की पहुच प्रत्येक घर तक बनाने के लिये नगर स्तर पर 3 महिला प्रेरकों का चिन्हांकन किया गया आज मंगलबार को नगरपरिषद कार्यालय मेहगांव में परियोजना अंतर्गत चिन्हित महिला प्रेरकों के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक दिवसीय उन्मुखीकरण सहक्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन हुआ प्रशिक्षण के प्रारंभ में प्रेरकों को नगर की जलावर्धन योजना में महिला प्रेरकों की भूमिका एवं दायित्व अलावा उन्हें मासिक कार्य योजना मासिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करने समुदायक बैठक आयोजन की विधि एवं डाटा संग्रहण प्रक्रिया दस्तावेजीकरण की जानकारी सोनिका




शर्मा CDO/PRO ने दी मेहगांव नगर की नवीन जलावर्धन योजना अंतर्गत प्रस्तावित नवीन कार्यों की तकनीकी जानकारी राहुल शर्मा स्वच्छट ने दी इंजीनियर ने बताया कि मेहगांव नगर में दो पानी की टँकी पहले से थी दो नवीन टँकियों का कार्य प्रगति पर है साथ ही सम्पूर्ण नगर में नवीन पाइप लाइन बिछाई जारही है जिसके माध्यम से सभी घरों में इस साल के अंत तक स्वछ एवं साफ पानी पहुचाने का लक्ष्य है प्रिशक्षण में नगर परिषद सी,एम,ओ योगेंद्र सिंह तोमर सोनिका शर्मा CDO/PRO अनेक सिंह भदौरिया सब इंजीनियर राहुल शर्मा सब इंजीनियर MPUDC असवेंद्र सिंह सिकरवार फील्ड इंजीनियर टाटा कृपेन गाबानी साइट इंजीनियर जयंतिसुपर कम्पनी,आनन्द पासवान साइट इंजीनियरजयंती सुपर कम्पनी राजेश काकड़ीया साइट इंचार्ज, नूरी जेन प्रेरक,अर्चना सिकरवार प्रेरक,शैलजा शर्मा प्रेरक उपस्थित रहे।

# दयांशकर ने ब्रोकिली की खेती से ली तीन-गुनी आमदनी

**खुशियों की दस्तां**

**दतिया।** जिले के सेवढ़ा के युवा कृषक श्री दयाशंकर राजपूत परम्परागत फसलों के साथ आधा बीघा जमीन में ब्रोकिली (हरी गोभी) एवं लाल पत्ता गोभी की खेती कर सामान्य फसलों की अपेक्षा तीन गुना अधिक मुनाफा ले रहे है। उनके द्वारा पैदा की जा रही ब्रोकिली की खरीदी कंपनी द्वारा खेत से ही कर रही है। रसायन शास्त्र में एमएससी की शिक्षा ग्रहण कर गांव में अतिथि शिक्षक के रूप में बच्चों को अध्यापन का कार्य करते थे। लेकिन विश्वव्यापी कोरोना महामारी के कारण लॉक डाउन के दौरान स्कूल बंद होने से बच्चों को पढ़ाने का कार्य भी बंद हो गया। इसी बीच दयाशंकर ने सोचा क्यों न कुछ नया किया जाए। इसके लिए उनके मन में विचार आया कि परम्परागत खेती के साथ ऐसी खेती की जाए जिससे नगद पैसा भी मिले। वे इस बात को भली भांति जानते थे कि समय के अनुसार कम भूमि में कम लागत की अधिक मुनाफा की खेती कैसे लें। इसके लिए उन्होंने उद्यान विस्तार अधिका श्री मनोज माहौर से सम्पर्क किया। श्री माहौर ने बताया कि ब्रोकिली एवं लाल पत्ता गोभी की खेती कर अधिक मुनाफा ले सकते है। श्री दयाशंकर ने उद्यान विस्तार अधिकारी से मिले परामर्श एवं मार्गदर्शन उपरांत आधा बीघा जमीन में तीन रूपये के मान से दो हजार ब्रोकिली के पौधे और 300 पौधे लाल गोभी के लगाए। इस प्रकार कुल 10 हजार रूपये का खर्चा आया। यह ब्रोकिली की खेती तीन माह में तैयार हो गई। ब्रोकिली की खेती से उन्हें 30 से 40 हजार रूपये की आय हुई। श्री दयाशंकर ने बताय कि 30 रूपये प्रति किलो के मान से एक निजी कंपनी उनके खेत से ही ब्रोकिली खरीद रही है। उन्होंने बताया कि ब्रोकिली के एक पौधे तीन से चार वार फसल ली जाती है। उन्होंने बताया कि परम्परागत गेंहूँ, चने की फसल से उन्हें बमुश्किल 7 से 8 हजार रूपये की आय होती थी। लेकिन ब्रोकिली की फसल लेने में गोबर की खाद, सिंचाई हेतु ड्रिप एवं मर्चिग का उपयोग किया गया जिस कारण कम भूमि कम लागत एवं कम पानी में अधिक आय हो रही है। श्री दयाशंकर ने बताया कि ब्रोकिली की मांग प्रमुख रूप से दिल्ली, मुंबई ग्वालियर सहित महानगरों के पांच सितारा होटलों में बड़े पैमाने पर उपयोग की जाती है। ब्रोकिली गोभी की ही प्रजाति है जो हरे रंग की होती है। ब्रोकिली का उपयोग कैंसर को रोकने के साथ-साथ विभिन्न विमारियों से शरीर में लड़ने की क्षमता पैदा करती है।

# रामपुरा प्रभु प्रेमी गौशाला को जेसीबी मशीन भेंट की गई

**पुष्पांजली टुडे नेनाराम सिरवी।**

पाली निकटवर्ती ग्राम रामपुरा स्थित प्रभु प्रेमी गौशाला कार्य समिति एवं रामपुरा ग्रामीणों को मारवाड़ गो ग्राम संवर्धन या संस्था द्वारा जेसीबी मशीन भेंट की गई। गो भक्तों एवं वरिष्ठ समाजसेवी अमराराम सीरवी के सफल प्रयास के माध्यम से गोचर भूमि में अंग्रेजी बबूल को मुक्त करने के लिए लिया गया संकल्प को पूरा करने के लिए जैन समाज की संस्था द्वारा प्रभु प्रेमी गौशाला को जेसीबी मशीन भेंट की गई। रामपुरा स्थित विजय नाडी मां चामुंडा मंदिर प्रांगण में मशीन के उद्घाटन के दौरान भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जोधपुर प्रांत भगवा स्वयंसेवक संघ प्रचारक योगेंद्र भाई द्वारा अपने संबोधन में गौ माता की सेवा करने की सीट उपस्थित संपूर्ण जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों को दी। इस मौके पर मारवाड़ गो ग्राम संवर्धन न्यास संस्था के समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। गौ भक्त अमराराम सिरवी वडेर वास भूतपूर्व सरपंच मांगीलाल सीरवी द्वारा आए हुए अतिथियों का डोर टू डोर शानदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पाली सांसद पीपी चौधरी के निजी सचिव डी आर चौधरी। किसान केसरी पाली भवर लाल सिरवी। सुमेरपुर विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुमावत। पाली प्रधान मोहनी देवी पटेल के प्रतिनिधि पुखराज पटेल आदि सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश शासन समाचार गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र आज विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे

**पुष्पांजली टुडे दतिया।**



मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र आज 10 मार्च 2021 को जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र 10 मार्च 2021 को रात्रि 1 बजे भोपाल से सचखंड़ एक्सप्रेस द्वारा डबरा के लिए प्रस्थन कर प्रातः 5.30 बजे डबरा पहुंचेगे और निवास के लिए प्रस्थान करेंगे। आप प्रातः 9 बजे डबरा से दतिया के लिए प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे दतिया निवास पर पहुंचेगे आमजन से भेंट करेंगे। प्रातः 11 बजे आप बड़ौनी बस स्टैण्ड़ पर मुख्य मार्ग से सीसी रोड़ निर्माण का भूमि-पूजन, भोजन करेंगे। दोपहर 12.15 बजे आप दतिया से ग्वालियर के लिए प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे ग्वालियर पहुंचेगे। अपरान्ह 3 बजे आप ग्वालियर एयरपोर्ट से विशेष वायुयान द्वारा देहरादून (उत्तराखंड) के लिए प्रस्थान कर सायं 4.15 बजे देहरादून पहुंचेगे। आप सायं 4.30 बजे देहरादून से हरिद्धार के लिए प्रस्थान कर सायं 5.30 बजे हरिद्धार पहुंचेगे और स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र 11 मार्च 2021 को प्रातः 10 बजे हरिद्धार से देहरादून एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेगे और विशेष वायुयान द्वारा ग्वालियर के लिए प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे ग्वालियर पहुंचेगे।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित की गई



**मुरैना।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाने के लिये कार्य योजना तैयार कर काम शुरू किया जाना है। किस प्रकार ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान किया जाए और संसाधनों का उपयोग कर ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाये। इस विषय को लेकर मंगलवार को न्यू जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार सिंह द्वारा ए.सी.ई.ओ, श्री आर.के.गोस्वामी, परियोजना अधिकारी श्री नरवरिया, (तक.), जिला पंचायत ग्वालियर श्री कमल सिंह यादव, परियोजना अधिकारी, जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, आर.ईएस, मनरेगा, एपीओ, मनरेगा, उपयंत्री, आरईएस, मनरेगा, ब्लॉक समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं सरपंच, सचिव, जीआरएस, प्रेरक उपस्थित थे। जिला सीईओ श्री रोशन कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट के कार्य को सभी जनपद पंचायतों के सीईओ गंभीरता से ले एवं ग्राम पंचायत स्तर पर इन कार्यो का क्रियान्वयन सुचारू रूप से कराये। संभागीय समन्वयक ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाने को लेकर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जिले में 143 ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबधंन निपटान के कार्य किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को 30 जून 2021 तक पूर्ण करने की कार्य योजना पर विस्त्रुत कार्य योजना पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के क्षेत्र में गांव को इस प्रकार काम करना है कि मुरैना जिले को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा सके। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को सफ्ल बनाने के लिये सभी जनपद सी.ई.ओ कार्य योजना बनाये। उन्होंने बताया कि इसमें केवल शासन प्रशासन के स्तर से नहीं बल्कि ग्रामीणों की भूमिका भी जरूरी है। इसलिये जागरूकता अभियान चलाकर व्यवहार परिवर्तन पर भी जोर दिया जाये। उन्होंने बताया कि अभी तक शहरी क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन पर काम किया जा रहा था, लेकिन अब स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर काम किया जाएगा। जैविक कचरे का पुनः उपयोग किया जा सकता है। यह एक अच्छा खाद भी है। हमें अजैविक कचरे के निस्तारण पर विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि हानिकारक होता है। अजैविक कचरा सामान्य तौर पर जल्दी अपघटित नहीं होता। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर सामुदायिक कचरा पेटी लगाये, इसमें स्वच्छ भारत मिशन और मनरेगा से फंडिग की जा सकती है। मिशन के तहत हर स्कूल और आंगनवाड़ी में पानी उपलब्ध कराने पर भी काम किया जायेगा। अजैविक कचरे के निस्तारण की विधियों और तकनीकी प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गई हैं।

## वृत्तिकर होगा 31 तक जमा

**मुरैना।** मध्यप्रदेश वृत्तिकर संशोधन अधिनियम 2018 के अंतर्गत वर्ष 2020-21 के लिये वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2021 है। जीएसटी से पंजीयत व्यवसायी, निजी विद्यालय, महाविद्यालय, कम्प्यूटर सेंटर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, सीए, बकील, बीमा अभिकर्ता, मदिरा दुकान संचालक, चिटफ्ण्ड संचालित संस्थायें या व्यक्ति सहकारी सोसायटी, ट्रांसपोर्टर, कोचिंग संस्थान, चिकित्सालय, जिमसेंटर, धर्मकांटा, होटल, लाज, विवाह, मंडप, टेंट, केवल आपरेटर, वीडियो पार्लर, ब्यूटी पार्लर, फाईनेंस, कम्पनी, क्लीनिक, लैब, पैथोलॉजी, नर्सिंग होम, क्योस्क सेंटर, फैशन डिजाईनर, बुटीक, टोल प्लाजा, पेट्रोल पम्प आदि 31 मार्च 2021 तक अनिवार्यतरू वृत्तिकर जमा करायें।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भामाशाह अमराराम सिरवी ने मातृ शक्ति के रूप में मां के प्रति दिखाया समर्पण

**पुष्पांजली टुडे नेनाराम सिरवी**

पाली के निकटवर्ती ग्राम पंचायत वडेर वास के अंतर्गत रामपुरा गांव में स्थित विजय नाडी मां चामुंडा मंदिर प्रांगण पर भामाशाह अमराराम सीरवी ने मातृ शक्ति के रूप में मां के प्रति समर्पण दिखाते हुए प्रभु प्रेमी गौशाला में प्रेरणा स्रोत के रूप सेवा कार्य मां को समर्पित किया। गौरतलब अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मारवाड़ गौ ग्राम संवर्धन न्यास संस्था के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में भामाशाह अमराराम सीरवी द्वारा जैन समाज के भामाशाह को प्रेरित करते हुए गोचर भूमि ग्रामीणों के लाभार्थी हेतु जेसीबी उपलब्ध करवाई। सिरवी द्वारा पुण्य कार्य के प्रति सराहनीय योगदान का सारा श्रेय अपने मां को समर्पित करते हुए अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्पद के रूप में दिखे। जिसे ग्रामीणों ने भी आयोजक के दौरान बखूबी से सहाना की।

**इनका कहना**

गौमाता एक मां के रूप मुझे हृदय में समाहित हैं। मेरा पूरा जीवन गौ सेवा के प्रति सदा समर्पित भाव से सेवा के साथ समर्पित हैं।

**अमराराम सीरवी.**
**सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत वडेर वास**

# जनसुनवाई में 127 आवेदनों को जिला सीईओ ने सुना



**मुरैना।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से 1 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश है। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में मंगलवार को जनसुनवाई जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार सिंह ने की। जिसमें उन्होंने 127 आवेदनकर्ताओं को सुना। जिसमें दो आवेदन ऐसे पाये गये, जिन्हें 24 घंटे के अंदर निराकरण करना था। उन आवेदनों को वाट्सएप्प के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को भेजे। इसके अलावा अधिकतर आवेदन पीडीएस का राशन, बीपीएल कार्ड, पात्रता पर्ची, नामांतरण, बटवारा, भूमि विवाद, अतिक्रमण एवं आवास से संबंधित प्राप्त हुये। उनका निराकरण करने के लिये जिला सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को भेजे। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री उमेशप्रकाश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे, एसडीएम मुरैना सहित नगर निगम, पीएचई, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय, जनपद, खाद्य, पीडब्ल्यूडी, आदिम जाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग, उप संचालक पशु, श्रम आदि विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

# जिला सीईओ ने कृषकों के दल को हरी झण्ड़ी दिखाकर किया रवाना



**मुरैना।** उद्यानिकी विभाग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में राज्य पोषित योजनान्तर्गत राज्य के अंदर 3 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन 8 मार्च सोमवार से 10 मार्च बुधवार तक किया जायेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार सिंह ने कृषकों के दल को हरी झण्ड़ी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप संचालक उद्यान श्री बीएस भदौरिया, उद्यान अधिकारी श्री रामऋषि शर्मा, श्री प्रेम नारायण भदौरिया, श्री धर्मवीर शर्मा उपस्थित थे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोशन कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा है कि सभी कृषकगण खेती में वैज्ञानिक पद्धति एवं तकनीकी का उपयोग करें, जिससे हम अच्छी उद्यानिकी फसलें प्राप्त कर सकें, क्योंकि परम्परागत कृषि करके हम कृषि को लाभ का धंधा नहीं बना सकते। आज जो जलवायु में परिवर्तन आ रहे है, उसके अनुसार ही हम उद्यानिकी फसलें करें। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों का प्रयोग कम से कम करें। जैविक खाद का उपयोग बढ़ाया जाये, जिससे हमारी जमीनों की उर्वरा शक्ति बड़ें और अच्छी पैदावार मिले। इस भ्रमण में मुरैना जिले के 54 किसानों को ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना जिले में हो रही उन्नत खेती व उद्यानिकी फसलों का भ्रमण व वहां के प्रगति शील कृषकों से अनुभवों पर चर्चा करें। इन जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों का भ्रमण व अवलोकन तथा इन जिलों में हो रहे नवाचारों की जानकारी प्राप्त करें। उपसंचालक उद्यान ने बताया कि विभाग की विभिन्न योजनाओं की कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई है। जिला समन्वयक श्री आरके शर्मा ने कृषकों को मिट्टी परीक्षण कराने की जानकारी दी। साथ ही मल्चिंग तकनीकी, ड्रिप इरीगेशन, स्प्रिंगलर आदि आधुनिक पद्धति से उद्यानिकी फसलें करने से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की। उद्यानिकी फसलें उत्पादन के बाद उनके विभिन्न प्रसंस्करण कर लघु उद्यम स्थापित कर सकते है, जिससे कृषकों को और अधिकार आर्थिक लाभ होगा।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर साइकल रेली का आयोजन किया गया

**मुरैना।** बेटी बचाओ-बेटी पढाओं अंतर्गत मंगलवार को महिला एवं बाल विकास द्वारा सेफ सिटी कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं, बालिकाओं की जागरूकता हेतु जिला मुख्यालय पर साइकल रेली का आयोजन किया गया। जिसको शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 से प्रारम्भ कर स्टेडियम से वापिस होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 पर समापन किया गया। आयोजित साइकल रेली का विभागीय जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राऐं, शौर्यादल की सदस्य बालिकाऐं एवं एनसीसी की बालिकाओं द्वारा प्रतिभागिता की गई। कार्यक्रम में सहायक संचालक श्री ताराचंद मेहरा, परियोजना अधिकारी मुरैना शहरी श्री मनीष सिंह, प्राचार्य श्री मुकेश सांण्डिल, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर एवं संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा भी प्रतिभागिता की गई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक/क्यू0सा/2021/ 903 — गोहद, दिनांक 09.03.2021

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत बने अचल सम्पत्ति अन्तरण नियम 2016 अनुसार निम्नानुसार नगर पालिका स्वामित्व की दुकानों पर लायसेंस धारक के रूप में नाम परिवर्तन होना है. विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | दुकान क्रमांक | स्थान | आवेदक का नाम | हस्तान्तरित कर्ता का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | नया बस स्टैण्ड गौहद | श्री दिलीपकुमार सक्सैना पुत्र श्री देवीलाल सक्सैना | श्रीमती कुसुम पत्नी स्व. श्री सीताराम खटीक | |
| 2 | 05 | नया बस स्टैण्ड गौहद | श्री दिलीपकुमार सक्सैना पुत्रश्री देवीलाल सक्सैना | श्रीमती कुसुम पत्नी स्व. श्री सीताराम खटीक | |
| 3 | 05 | इटायली गेट के बाहर गोहद | श्री वैभवकुमार सक्सैना पुत्र अशोक कुमार सक्सैना | श्री हरी पुत्र श्री नारायण बाल्मीक | |
| 4 | 06 | गुलम्बर से नया बस स्टैंण्ड रोड़ | श्री मोहन पुत्र हरीशंकर रजक | श्री महेश पुत्र मनोजकुमार कुशवाह | |

उपरोक्त नाम परिवर्तन पद किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति करना हो तो वह 15 दिवस के अन्दर नगर पालिक परिषद कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद गुजरने के बाद कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा। सूचित हो।

(रामप्रकाश जगनेरिया)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोहद

## संपादकीए

### कबाड़ नीति कारगर

महंगा होता तेल और चार पहिया और दो पहिया गाडियों की बढ़ती कीमतों को काबू में करने सरकार ने कबाड़ नीति बनाई है। इस नीति पहली नजर में कोई खामी नहीं दिखती। लोगों का फायदा जरूर हो सकता है। दरअसल, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि लोग यदि अपना पुराना वाहन सरकार की वाहन कबाड़ नीति के तहत बेच देते हैं तो उन्हें नया वाहन खरीदने पर वाहन निर्माताओं की ओर से पांच फीसदी की छूट मिलेगी। केंद्र ने स्वैच्छिक वाहन कबाड़ नीति का एलान बजट 2021-22 में किया था। इसके अनुसार, निजी वाहनों को 20 साल और वाणिज्यिक वाहनों को 15 साल बाद फिटनेस परीक्षण कराना आवश्यक होगा। नीति में चार अहम घटक हैं। छूट के अलावा प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों पर हरित कर और अन्य शुल्कों का प्रावधान भी किया गया है। इसके लिए पुराने वाहनों का ऑटोमेटेड सुविधा केंद्रों पर फिटनेस और प्रदूषण जांच को अनिवार्य किया गया है। उम्मीद लगाई जा रही है कि नई नीति से आने वाले सालों में भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का कारोबार 30 फीसदी बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच जाएगा जो कि अभी करीब 4.50 लाख करोड़ रुपए का है। साथ ही इसके एक्सपोर्ट कंपोनेंट जो अभी 1.45 लाख करोड़ है, वह भी बढ़कर तीन लाख करोड़ हो जाएगा। वाहन कबाड़ नीति से न केवल अर्थव्यवस्था में सुधार में मदद मिलेगी बल्कि ऑटो इंडस्ट्री को भी लाभ होगा। साथ ही वाहनों का प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी। आने वाले दिनों में ऑटो इंडस्ट्री सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले क्षेत्रों में शामिल होगा और इससे देश में करीब 50 हजार से अधिक रोजगार बढ़ेंगे। अभी ऑटो सेक्टर को नए वाहन के निर्माण के लिए स्टील, रबर एल्युमीनियम और रबर को आयात करना पड़ता है जिससे नए वाहनों की कीमत बढ़ जाती है। कबाड़ नीति के लागू होने के बाद स्टील, रबर एल्युमीनियम और रबर के आयात की जरूरत नहीं होगी और इससे वाहनों की कीमतों में 30 से 40 फीसदी की कमी आएगी। यह नीति हरित ईंधन और इलेक्ट्रिसिटी को बढ़ावा देने के साथ ही वाहनों के बेहतर माइलेज के लिए नई तकनीक को बढ़ावा देगा और इससे देश के भारीभरकम आठ लाख करोड़ रुपए के कच्चे तेल के आयात बिल में भी कमी लाएगा जिसके बढ़कर 18 लाख करोड़ रुपए होने की संभावना है। एक अनुमान के मुताबिक प्रदूषण फैलाने वाले करीब एक करोड़ वाहन कबाड़ में जाएंगे। इनमें 51 लाख हल्के मोटर वाहन होंगे जोकि 20 साल से अधिक पुराने हैं और अन्य करीब 34 लाख हल्के मोटर वाहन वे होंगे जो 15 साल से अधिक पुराने हैं। 17 लाख मध्यम और भारी मोटर वाहन जो 15 साल से अधिक पुराने होंगे और बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के चल रहे हैं, वे भी कबाड़ में जाएंगे। रविवार को ही प्रदूषित शहरों की सूची जारी हुई है।

# गुस्से में क्यों है ममता दीदी ?

हरिश सक्सैना

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी इन दिनों बहुत गुस्से में नजर आ रही है। मां, माटी और मानुष के नारे के साथ पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करने वाली ममता बनर्जी इन दिनो गुस्से में रह रह कर केंद्र की मोदी सरकार को कोस रही है। ममता दीदी के गुस्से का मुख्य कारण भी पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के बढ़ते प्रभाव को माना जा रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार पश्चिम बंगाल की 18 लोकसभा सीटें जीत कर ममता दीदी को जता दिया था कि आने वाले विधानसभा चुनाव में चुनाव के परिणाम उनके मनमाफिक नहीं होंगे। भारतीय जनता पार्टी ने उनके जनाधार में सेंध लगा दिया है। इससे ममता बनर्जी को अपनी कुर्सी खिसकती नजर आने लगी है। जिस कारण वह भाजपा पर बुरी तरह खफा हो रही है। ममता दीदी राज्य में अपने जनाधार को थोड़ा सा भी खिसकने नहीं देना चाहतीं है। उनका मानना है कि बंगाल में लेफ्ट फ्रंट उनका प्रतिद्वंद्वी नहीं है। यदि उनको कोई टक्कर दे सकता है तो वो है भारतीय जनता पार्टी। हाल ही में भाजपा ने ममता बनर्जी की टीएमसी पार्टी के एक दर्जनों विधायक व कई सांसदों को तोड़कर भाजपा में शामिल करवा लिया है। रही सही कसर गत दिनों टीएमसी के बड़े नेता व राज्यसभा सांसद दिनेश त्रिवेदी के सांसद पद से इस्तीफा देने से पूरी हो गई।**

दिनेश त्रिवेदी टीएमसी के टिकट पर 2019 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी ने उन्हें राज्यसभा में भेजा था। मगर त्रिवेदी ने भी आखिर ममता दीदी का साथ छोड़ ही दिया त्रिवेदी बंगाल में तीन बार लोकसभा सदस्य कई बार राज्यसभा सदस्य व केंद्र सरकार में रेल मंत्री रह चुके हैं। उनकी छवि एक पढ़े-लिखे बुद्धिजीवी समझदार नेता की मानी जाती है। दिनेश त्रिवेदी टीएमसी के गठन से ही ममता दीदी के साथ जुड़े हुए थे। उनका हिंदी भाषी क्षेत्र में खासा प्रभाव रहा है। ऐसे में उनका साथ छोड़ना ममता दीदी के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। दिनेश त्रिवेदी ने ममता बनर्जी के सलाहकार प्रशांत किशोर व उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी पर पार्टी मामलों में अनावश्यक दखलअंदाजी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेरे उनके ट्विटर हैंडल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जानबूझकर गलत संदेश ट्वीट किए जाते थे। जिससे दुखी होकर उन्होंने टीएमसी छोड़ने का फैसला किया था। कुछ दिनों पूर्व ही ममता सरकार में परिवहन मंत्री रहे शुभेंदु अधिकारी ने भी टीएमसी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था। अधिकारी परिवार का मेदिनीपुर क्षेत्र के कई



दर्जन विधानसभा क्षेत्रों ने खासा प्रभाव माना जाता है। त्यागपत्र देने से पूर्व वो बहुचर्चित नंदीग्राम विधानसभा सीट से विधायक थे। उन्होंने ममता बनर्जी को चुनौती भी दी है कि वह नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र से उनके सामने आकर चुनाव लड़े। वरिष्ठ मंत्री रहे राजीव बनर्जी ने भी हाल ही में टीएमसी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। कभी ममता बनर्जी के सबसे नजदीकी रहे मुकुल राय ने सबसे पहले ममता दीदी का साथ छोड़ा था। उस वक्त ममता बनर्जी ने मुकुल राय की खिल्ली उड़ाते हुए कहा था कि भाजपा जैसी पार्टी में जाकर मुकुल राय ने अपना राजनीतिक करियर तबाह कर लिया है। लेकिन समय ने पलटा खाया और आज स्थितियां पूरी तरह बदल चुकी है। मुकुल राय आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पश्चिम बंगाल में भाजपा के मुख्य नीति निर्धारकों में शामिल है। कभी सोनार बांग्ला के नाम से जाने जाने वाला पश्चिम बंगाल विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है। पहले कांग्रेस फिर वामपंथी और अब 10 वर्षों से टीएमसी के शासन में बंगाल की जनता ने कोई बदलाव महसूस नहीं किया। औद्योगिक नगरी के नाम से मशहूर पश्चिम बंगाल में अधिकांश बड़े उद्योग धंधे बंद हो चुके हैं। यहां के लोगों को रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन करना पड़ता है। इससे आम जनता में सरकार के प्रति भारी नाराजगी है। इसी का फायदा उठाकर भाजपा ने बहुत तेजी से बंगाल के जनमानस में अपनी पैठ बनाई है।

पश्चिम बंगाल के अगले विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला ममता बनर्जी की टीएमसी व भाजपा के बीच माना जा रहा है। कांग्रेस, वामपंथी दल राजनीति की मुख्यधारा से कट चुके हैं। हाल ही में कांग्रेस और वामपंथी दलों ने अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मगर पश्चिम बंगाल की जनता उनको सिरे से नकार चुकी है। इसके चलते विधानसभा चुनाव में उनकी विशेष भूमिका रहने की संभावना नहीं है। भाजपा के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता लगातार जनसभाओं व रोड शो के माध्यम से ममता बनर्जी को खुली चुनौती दे रहे हैं।

भाजपा के बढ़ते प्रभाव से ममता दीदी इतनी डर गई है कि उन्होंने अपने पारंपरिक राजनीतिक दुश्मन कांग्रेस व वामपंथी दलों को भी उनके साथ मिलकर चुनाव लड़ने तक का निमंत्रण दे डाला है। मगर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने उनके आमंत्रण को ठुकराते हुए उन्हें ही अपनी मूल पार्टी कांग्रेस में शामिल होने को कह दिया है। इससे पता चलता है कि ममता बनर्जी धीरे-धीरे अपना प्रभाव खोती जा रही है। कभी ममता बनर्जी का खुलकर साथ देने वाले मुस्लिम धर्मगुरु पीरजादा अब्बास सिद्दीकी ने भी राजनीति में एंट्री कर दी है। उन्होंने ममता बनर्जी के खिलाफ असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इससे ममता बनर्जी को और भी नुकसान होने की संभावना है।

# सोशल मीडिया पर लक्ष्मण रेखा

सोशल मीडिया पर जो कुछ चल रहा है, उसमें अनियंत्रण के चलते बहुत कुछ ऐसा भी दिखता है जो सीधे तौर पर राष्ट्रीय अस्मिता पर खतरा होती हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया को मर्यादा में रखने के लिए एक ऐसी लक्ष्मण रेखा खींचने का प्रयास किया है, जो समय के हिसाब से बहुत ही आवश्यक था। सोशल मीडिया के चलते देश के युवाओं पर विपरीत प्रभाव भी देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर क्या जाना चाहिए और क्या नहीं, यह भी विचारणीय बिंदु है, लेकिन फिलहाल सरकार ने जिस प्रकार से मर्यादित रहने की रेखा खींची है, उससे ऐसा लग रहा है कि अब सोशल मीडिया की खैर नहीं है। हम जानते हैं कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश के टुकड़े करने तक की बात कह दी जाती है। इतना ही नहीं इनको राजनीतिक संरक्षण और संवर्धन भी प्राप्त हो जाता है। कश्मीर में जो पत्थरबाजी होती थी, उसमें भी कहीं न कहीं सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका होती थी। इसी प्रकार आतंकियों के समर्थन में भी इसी सोशल मीडिया पर स्वर मुखरित होते रहे हैं। वास्तव में इस प्रकार के कृत्य देश के विरोध में ही होते हैं। हम अगर अध्ययन करेंगे तो पता चलेगा कि जिस देश में राष्ट्रीय मर्यादाओं का ध्यान नहीं रखा जाता, वहां विसंगतियां निर्मित होती हैं। किसी भी देश के नागरिक को राष्ट्रीय मर्यादाओं का पालन करना आवश्यक और स्वाभाविक माना जाता है। सोशल मीडिया के माध्यम



से यही चरितार्थ होना चाहिए। लेकिन हमारे देश में कभी कभी ऐसा भी दिखाई दे जाता है जिसमें राष्ट्रीय मर्यादा तार तार होती दिखाई देती है। दिल्ली के जेएनयू में यही तो दिखा, जब देश विरोधी नारे लगाए गए। शाहीन बाग आंदोलन में भ्रम फैलाकर आंदोलन खड़ा करने को अभिव्यक्ति की आजादी का नाम दिया गया। जबकि सच कुछ और था और आंदोलन में कुछ और दिखाई दिया। एक कहावत है कि किसी एक झूंठ को सौ या इससे अधिक बार बोला जाए तो वह सच जैसा प्रतीत होने लगता है। यह सच जैसा इसलिए भी लगता है, क्योंकि जो सच है उसके बारे में हम जानने का प्रयास ही नहीं करते। इस कारण देश में एक बड़े भ्रम की स्थिति बनती है, जिससे समाज का बहुत बड़ा वर्ग प्रभाव में आ जाता है। हम जानते हैं ऐसे भ्रम को विस्तारित करने में सोशल मीडिया का भी बड़ा हाथ होता है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार के संदेश प्रसारित करने वाले व्यक्तियों के विरोध में भी बातें उठाई जाती हैं, लेकिन जब ऐसा ही संदेश बहुत व्यक्तियों द्वारा प्रसारित किया जाता है, ऐसी स्थिति में थोड़े से विरोध के स्वर कहीं दबकर रह जाते है और उन व्यक्तियों के मंसूबे सफल हो जाते हैं, जिन्होंने भ्रम फैलाने का प्रयास किया। अभी कुछ समय पूर्व सोशल मीडिया पर ही मैंने देखा कि सरकार को अडानी और अंबानी का नाम लेकर घेरा जा रहा था। यहां प्रमुख सवाल यह आता है कि यह दोनों कांग्रेस के शासन काल में भी बड़े बड़े प्रोजेक्ट लेते थे। स्वाभाविक ही है कि देश में कोई बड़ा काम होगा तो उस काम को कोई बड़ा व्यक्ति ही हाथ में लेगा। इसलिए यह कथन पूरी तरह से भ्रम के स्थिति पैदा करने वाला ही कहा जाएगा कि सरकार उद्योग पतियों को सब कुछ बेचने जा रही है। यह भ्रम सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। किसान आंदोलन के नाम पर भी हमने हिंसा का तांडव देखा। विसंगति यह है कि 26 जनवरी की देश विरोधी हिंसा को भी राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा गया। इसके बाद कुछ संस्थाओं ने इस घटना से ध्यान हटाने के लिए किसान आंदोलन को और ज्यादा धारदार बनाने का प्रयत्न किया।

## मानवता

मानव जाति में दयालुता, हठधर्मिता ,धर्मांधता इत्यादि की भावनाएं पुर्वकालिन से रही हैं, और उनमें दयालुता की भावना को प्रमुख माना गया हैं। मानव जाति की मुख्य अवधारणा यह है कि मानवता मनुष्य में निहित होना चाहिए। कोई व्यक्ति सम्राट या कोई प्रमुख मनुष्य नहीं है।अतः मानव कहलाना तभी संभव है, जब मानव- मानव की भलाई तथा सहायता करें। अतः मानव की सहभागिता ही एक अच्छे जाति,समाज, प्रदेश तथा राष्ट्र का निर्माण करती है। जिस कार्य से मानव जाति या समाज को लाभ होता है। उन कार्यों में सभी लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। वर्तमान समय में मानव की दृष्टि से किसी मानव का बड़े ओहदे (पद) में होना प्रमुख नहीं रहता। वर्तमान में मनुष्य मानवता के रूप से जनकल्याण पर विचार करता है । %मानवता% का अर्थ एक ऐसी सहभागिता से हैं जिसमें लोगों के बीच परस्पर अच्छे संबंध तथा भलाई सर्वोपरि हैं। मानवता का अर्थ केवल एक व्यक्ति या समाज तक ही सीमित नहीं हैं। यह प्रदेश और राष्ट्र का भी रूप है। अतः सभी में परस्पर अच्छे संबंध ,दयालुता, और भलाई तीनों का मिश्रण हैं । मानव में मानवता का होना एक समृद्धशाली राष्ट्र का भी निर्माण करता हैं। मानवता के प्रकार के रूप में दयालुता मानव-कल्याण लोगों में परस्पर अच्छे संबंध अपने गलत कार्यो पर नियंत्रण जिसमें मानव में बैर भाव ना उत्पन्न हो, एक सुदृढ़ शक्ति को जन्म देती हैं। मानवता के रूप में लोगों में एक ऐसी पारिवारिक, सामाजिक व्यवस्था है ,जिसमें समानता का विचार और व्यवहार प्रबल हैं। व्यक्तित्व की गरिमा का सम्मान मानवता के विकास में एक प्रमुख योगदान होना है। यह संपूर्ण जीवन जीने का एक मार्ग या ढंग हैं। यह लोगों के बीच की एक ऐसी व्यवस्था है ,इसमें लोगों का विकास श्रेष्ठ हैं। और व्यक्तिव व्यवहार के विकास का एक लक्ष्य है। यह स्वतंत्रता समरसता एवं समस्या की भविष्य कल्पना पर आधारित हैं। यह लोगों के बीच एक ऐसी व्यवस्था हैं, जिसमें जनकल्याण और व्यक्तिव का विकास इसका लक्ष्य है। मानवता का अभिप्राय एक ऐसे व्यक्तिगत व्यवहार से हैं , जिसमें व्यक्ति की गरिमा, गरीबी तथा आर्थिक स्थिति को ठेस ना पहुंचे । मानवता को जनकल्याण या परोपकार भी कहा जाता हैं। अपने सुख के लिए किसी से भी धन आदि पदार्थों की अथवा सेवा कराने की याचना एवं बिना याचना के दिए हुए पदार्थो को या की हुई सेवा को स्वीकार करना तथा किसी प्रकार भी किसी से अपना स्वार्थ सिद्ध करने की मन से इच्छा रखना इत्यादि जो स्वार्थ के लिए दूसरों से सेवा कराने के भाव हैं, उन सबका त्याग करना ही मानवता कहलाती हैं। किंतु जो परोपकार अर्थात परोपकारी ज्ञान के द्वारा मनुष्य संपूर्ण भूतों में भिन्न भिन्न नाना भाव को एकत्रित किया है उस परोपकार की भावना को वर्तमान से भविष्य तक लेकर जाती हैं। वह मानवता हैं, परंतु जो मानवता एक व्यक्ति कार्य रूप शरीर में ही संपूर्ण के सदृश्य में आशक्त हैं, तथा जो व्यक्ति मानवताहिन और तुच्छ हैं -वह व्यक्ति स्वार्थी कहलाता हैं। तात्पर्य है कि मानवता जन- व्यवस्था तथा जन-कल्याणकारी से संबंधित है। इसमें व्यक्ति की महत्ता और उसकी स्वतंत्रता पर बल दिया गया हैं। तथा समाज में निहित होना माना गया हैं। प्रत्येक व्यक्ति का लक्ष्य स्वयं के व्यक्तिव व्यवहार का विकास होना चाहिए ।इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को कुछ अनादर भावनाओं को त्यागना पड़ता हैं। मानवता एक ऐसा व्यवहार जिसमें सभी अपने सर्वांगीण विकास के लिए बिना किसी भेदभाव के समान रूप से होता है। तथा समाज भी लोगों की गरिमा तथा समानता स्वतंत्रता, मातृत्व और न्याय पर स्थित हैं। मानवता ,समानता न्याय और मातृवत जैसे उच्च व्यवहार पर आधारित है ।तथा इसमे प्रत्येक की गरिमा का सम्मान करते हुए सभी को समान माना जाता हैं। जनता की संप्रभुता एवं सहभागिता पर आधारित होने से मानवता में व्यक्ति में आत्म सम्मान व आत्मनिर्भरता के उच्च गुण विकसित होते हैं। लोग मानवता की दृष्टि से सजग हो जाने प्रत्येक प्रकार का लगाव अनुभव करती है। इस लगाव के कारण मानव के प्रति प्रेम व परोपकार की भावना जागृत होती हैं। इसी से मानवता ऊपजति है। लोग यह सोचते हैं कि मानवता हमारी ही बनाई एक प्राचीन सभ्यता हैं। तथा मानव सत्ता के अधिकारी एवं स्वामी वे स्वयं हैं। मानवता शांति और सहिष्णुता का दर्शन हैं। यह सहमति और समझ पर आधारित है , परंतु मानवता को घात करने के लिए आलोचना और निंदा भी हैं। मानवता से हिंसक क्रांति की संभावना न्यूनतम होती है मानवता की भावना यह अवधारणा है कि सभी व्यक्ति समान हैं। जबकि समाज के सभी सदस्यों की व्यक्तिगत व्यवहार समान नहीं हैं। मानवता की दृष्टि से सभी व्यक्ति का व्यवहार समान नहीं होता हैं। परंतु मानवता सबको समान मानती हैं। अतः अधिक गुणी व्यक्तियों की महत्ता का सही मूल्यांकन नहीं हो पाता ।आतंकवाद ,मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन हैं। मानव जाति के विरुद्ध कुछ व्यक्तियों या गिरोहो को आतंकवाद कहते हैं। आतंकवाद एक विश्वव्यापी समस्या बन गया हैं। आतंकवादी विश्व भर में आतंकी गतिविधियां अपनाकर सबको भयभीत और असंरक्षित करना चाहते है ।यह अनैतिक साधनों को भी न्यायसंगत ठहराते हैं। हिंसक व्यवहार द्वारा लोगों की मानवता को आज आतंकवाद खत्म कर रहा हैं। इसलिए मनुष्य को तमाम बुराइयों से लड़ने के लिए मानवता रूपी शक्ति को अपने मन, मस्तिष्क , विचार और व्यवहार में मानवता के प्रत्येक पहलू को समाहित करना होगा।

**अनुकूल नंदकिशोर मेश्राम**

कक्षा 10 वी, शास उच्च माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव
पुष्पांजली टुडे

## नारी शक्ति

कहता है उसे कोई गुल, तो कोई गुलाब कहता है।
तारीफ़ में उसको कोई लड़की,तो कोई माहताब कहता है।।



हर परिस्थिति में क़दम,वो अपनो से मिलाकर चलती है ।
अपने जीवन का अस्तित्व , खुद से बनाकर चलती है ।।

घर को शून्य से, साग़र बनाने का सामर्थ्य रखती है।
अपने हौसलों को एक-एक कदम,बढ़ाकर चलती है

खुद की परेशानी को , खुद में समाकर रहती हैं
मुश्किलों में भी हर वक़्त, वो मुस्कुराकर चलती है

खुदा की रहमतों से , जैसे हर मुकाम हासिल है
इसके ही क़दमों से , रोशन तेरे घर का चिराग़ है

अनमोल नौ रत्न से भी महँगा, इसका वजूद होता है।
एक औरत का अस्तित्व खुद में, अलौकिक होता है

**डॉक्टर प्रिया पचौरी**

वेटनरी कॉलेज जबलपुर
पुष्पांजली टुडे

# कोरोना महामारी की मार

पिछले साल मार्च में कोरोना की रोकथाम के मद्देनजर लागू किए गए लॉकडाउन के बाद से अब तक देश महामारी से उबर नहीं सका है। लेकिन इससे निपटने के जितने भी इंतजाम किए गए, सावधानियां बरती गईं, उसका फायदा जरूर मिला है। वरना शुरुआती दौर में जितने बड़े पैमाने पर महामारी की मार की आशंका जताई जा रही थी, उसके मुकाबले हमारे देश में इसका असर काफी कम देखा गया। इसकी वजह यह रही कि समय रहते सरकार ने अपने स्तर पर बचाव से लेकर इलाज तक के मोर्चे पर ठोस कदम उठाए, जहां जरूरत हुई सख्ती की गई। नतीजतन, इसके संक्रमण की दर को कम किया जा सका। एक पहलू यह भी रहा कि हमारे देश की आबोहवा, आम जनजीवन में खानपान और जीवनशैली के बीच आम लोगों के भीतर कुछ अपने स्तर पर रोग प्रतिरोधक क्षमता ने भी कोरोना की मार की तीव्रता को सीमित रखा। यही वजह रही कि डर और वास्तविक खतरे के बावजूद आज देश ऐसी स्थिति में पहुंच सका है, जहां राहत की सांस ली जा सकती है। इसके समांतर हकीकत यह है कि अगर %सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' जैसे सामान्य संदेशों का खयाल नहीं रखा गया तो हम यह अंदाजा लगा सकते हैं कि इसके खमियाजे क्या हो सकते हैं। यह भारत सहित दुनिया भर के देशों ने देखा है और आज भी इससे पूरी तरह उबरना एक बड़ी चुनौती है। लेकिन इस बीच कोरोना के संक्रमण की स्थिति और उसके प्रसार पर नजर रखने के लिए कराए गए सीरो सर्वेक्षण से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि इस विषाणु से बहुत सारे लोग संक्रमित हुए और उससे पार भी पा गए। तीन दिन पहले आईसीएमआर यानी भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक ने पिछले साल सात दिसंबर से आठ जनवरी के बीच कराए गए तीसरे राष्ट्रीय सीरो सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर बताया कि अब तक 18 वर्ष और इससे ज्यादा उम्र के 28,589 लोगों में से करीब 21 फीसद में पूर्व में कोरोना विषाणु की चपेट में आने का पता चला। जबकि 10 से 17 वर्ष की आयु के लगभग 25 फीसद बच्चों में भी इसकी पुष्टि हुई। सर्वेक्षण जब किया गया, तब टीका लगना शुरू नहीं हुआ था। जाहिर है, इस सर्वेक्षण के नतीजे चिकित्सकीय उपायों के समांतर यह संकेत भी देते हैं कि देश में एक बड़ी आबादी ऐसी है जो कोरोना विषाणु से संक्रमित हुई और उससे उबर गई।





# टीकाकरण को सही व सरल बनाने की जरुरत

*प्रियंका चतुर्वेदी*

दुनियाभर में अभी तक कोरोना मरीजों की संख्या करीब 11 करोड़ हो चुकी है, जिनमें से 24 लाख से अधिक मौत के मुंह में समा चुके हैं। भारत में भी अब तक एक करोड़ से ज्यादा व्यक्ति संक्रमण के शिकार हो चुके हैं। हालांकि हमारे यहां रिकवरी दर अन्य देशों के मुकाबले काफी बेहतर रही है और पिछले कुछ समय में देशभर में कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी से गिरावट भी दर्ज की गई है लेकिन अब जिस प्रकार कोरोना के मामले महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ इत्यादि राज्यों में धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं, ऐसे में टीकाकरण अभियान को अपेक्षित रफ्तार दिया जाना बेहद जरूरी है। 16 जनवरी को शुरू हुए टीकाकरण अभियान के बाद 30 दिनों के अंदर 83 लाख से अधिक लोगों को 'कोरोना सुरक्षा कवच' मिला लेकिन यह अपेक्षित लक्ष्य से काफी कम है। सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों सहित कुल 30 करोड़ लोगों के टीकाकरण का जुलाई-अगस्त तक का लक्ष्य है और विशेषज्ञों का मानना है कि तय लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार को 10 गुना तेज गति से टीकाकरण अभियान चलाना होगा और इसके लिए इस कार्य में निजी क्षेत्र को भी शामिल करना होगा। टीकाकरण 2.0 के बाद 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के टीकाकरण की तैयारी की जा रही है, यह अभियान मार्च माह में शुरू होगा। भारत बहुत बड़ी आबादी वाला देश है और ऐसे में समझना मुश्किल नहीं है कि इतनी बड़ी आबादी के टीकाकरण का काम इतना सरल नहीं है। इसके लिए टीकाकरण अभियान की खामियों को दूर करते हुए लोगों को जागरूक करने की सख्त जरूरत है और इसमें देरी किया जाना खतरनाक होगा।केंद्र सरकार ने अपनी वर्तमान घोषणा से पहले 50 से अधिक उम्र के लोगों के टीकाकरण की बात कही थी । जिसमें बदलाव करते हुए अब सरकार ने 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के साथ गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 साल से अधिक उम्र के लोगों को वैक्सीन देने की बात कही है । एक से ज्यादा रोग और गंभीर बीमारियों की सूची फिलहाल सरकार की ओर से जारी नहीं की गई है. माना जा रहा है कि केंद्र सरकार दिल से जुड़ी बीमारियों, डायबिटीज, कैंसर, अस्थमा और कई मानसिक रोगों को इस सूची में शामिल कर सकती है । इसमें ऑर्गन, बोन मैरो या स्टेम सेल ट्रांसप्लांट कराने वाले लोगों को भी शामिल किया जा सकता है । सरकार के सामने सबसे बड़ा पेंच इन बीमारियों को लेकर ही फंस सकता है । ऐसे में एक से ज्यादा रोग के दायरे में कौन से रोगों को रखा जाएगा और किन्हें इस सूची से बाहर रखा जाएगा।



# सेहत के लिए समझें आंखों के इशारे



आंखें बहुत कुछ कहती हैं। ये कहना बिल्कुल भी गलत नहीं है क्योंकि हमें कई बार किसी बीमारी का पता नहीं चलता लेकिन आंखें उसकी गवाही पहले से ही देने लगती हैं। आज भी हमारे यहां ज्यादातर कई बीमारियों का अंदेशा आंखों के बदलते रंग-ढंग से ही लगाया जाता है।

**पीली आंख**

ये लिवर में होने वाली बीमारियों का इशारा करती हैं। पीलिया या जॉन्डिस, लिवर से ही संबंधित बीमारी हैं। लिवर की बीमारियों से जब खून में बिलरूबीन (लाल रक्त कोशिकाओं का घटक जो मूत्र से उत्सर्जित होता है) इसकी मात्रा बढ़ जाती है तो आंखों के सफेद हिस्से का रंग पीला पड़ जाता है।

**पुतलियों के पास सफेद छल्ले**

ये दिल के बीमार होने का संकेत हैं। अगर पुतलियों के चारों ओर सफेद छल्ले दिख रहे हैं तो इसका मतलब शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर ऊंचा होना है। पलकों के आस-ह्यपास या उसकी त्वचा के नीचे सफेद वसा जमा हो तो ये भी गंभीर दिल की बीमारियों का संकेत हो सकता है।

**उभरी हुई आंख**

आंखों के उभरी हुई दिखने की वजह थाइरॉयड हो सकता है। थाइरायड ग्रंथि की अति सक्रियता के कारण आंखों में उभार आता है। आंखे उभरी हुई दिख रही हों और उसके साथ थकान, वजन कम होना या बढ़ना, बार-बार भूख लगना जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टरी सलाह से अपना टेस्ट कराना चाहिए।

**लटकी पलकें**

वैसे तो सामान्य तौर पर लटकी पलकेंबुढ़ापे की ही निशानी होती है। लेकिन कुछ मामलों में ये गंभीर स्ट्रोक या फिर ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं। पलकों के लटकने के साथ-साथ अगर आवाज में लड़खड़ाहट के लक्षण हो तो ये पैरालिसिस का इशारा भी हो सकता है। ?से में खानपान पर पूरा ध्यान और साथ में पर्याप्त व्यायाम बेहद जरूरी होता है।

**असामान्य पुतली**

सामान्य तौर पर दोनों आंखों की पुतलियां एक जैसी होती हैं। लेकिन अगर इनमें असामान्यता दिखे तो ये ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक जैसी बीमारियों का संकेत हो सकती हैं। कई बार दवाइयों या फिर नशीले पदार्थ लेने से भी पुतलियों में असामान्यता हो जाती है।

**लाल आंख**

खुजली के साथ लाल आंखे और साथ में छींकें आ रही हों। नाक बंद हो। नाक से पानी गिर रहा हो तो ये एलर्जी का लक्षण है। ?से में एलर्जी के कारणों से बचना चाहिए क्योंकि किसी भी इंसान को किसी भी चीज से एलर्जी हो सकती है। बिना किसी खुजली के आंखों के लाल दिखने की वजह हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत भी हो सकती है। वैसे सामान्य तौर पर आंखों पर सूजन और रक्त वाहिकाओं के फैलने के कारण हमारी आंखें लाल होती हैं।

# अमरूद दूर करेगा आंखों की सूजन

फलों में शाही फल अमरूद को जामफल भी कहा जाता है। अमरूद पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर भगाने में बेहद कारगर होता है। आइए जानें इसके फायदों के बारे में।

**पेट दर्द-** पेट दर्द की शिकायत हो तो अमरूद की पत्तियों को पीसकर पानी में मिलाकर पीने से आराम मिलता है।

**आंखों के लिए-** अमरूद के पत्तों की पोटली बनाकर रात को सोते समय आंख पर बांधने से आंखों का दर्द दूर होता है और सूजन हट जाती है।



**बवासीर होने पर -** सुबह खाली पेट 200-300 ग्राम अमरूद नियमित रूप से खाने से बवासीर में लाभ होता है।

**सूखी खांसी-** गर्म रेत में अमरूद को भूनकर खाने से सूखी खांसी, कफ और काली खांसी में आराम मिलता है। यह प्रयोग दिन में तीन बार करें।

**दांतों का दर्द-** अमरूद की पत्तियों को चबाने से दांत दर्द ठीक होता है।

**दस्त-** अमरूद की पत्तियां उबालकर पीने से दस्त में आराम मिलता है।



# योग से मिलेगी खर्राटों से राहत

अगर आप अपने खर्राटों को लेकर परेशान हैं तो इसके लिए अपने रहन-सहन में आपको बदलाव करना होगा। कई बार एंटी स्नोरिंग उपकरणों व दूसरे तरीकों के इस्तेमाल से भी लोगों को मनचाहा लाभ नहीं मिला है। वहीं जीवनशैली में कुछ बदलाव कर खर्राटों की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस बदलाव को कारगर करने में योग अहम भूमिका निभा सकता है। यह सबसे आसान और मजेदार विकल्पों में से एक है। योग करने से खर्राटों की समस्या से तुरंत निजात मिल सकती है। हालांकि, दूसरे तरीकों की तरह ही अगर योग को भी दैनिक क्रिया के तौर पर जारी रखा जाएगा तो बदलाव अधिक सहज होते जाएंगे। योग आसनों की मदद से रक्त संचार और फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है। इस बात का भी ध्यान रखा जाता है कि एयर पैसेज पूरी तरह से खुला रहे। योगआसन गले और चेहरे की मांसपेशियों को मजबूत करने में भी मदद करते हैं। इन प्रभावों से खर्राटों की समस्या को कम या पूरी तरह से खत्म करने में मदद लिती है। पैरों को मोड़कर आराम से बैठ जाएं (पालथी मारकर)। आंखें बंद कर नाक से गहरी सांस लें। कर्कश आवाज निकालते हुए नाक से सांस लें। गर्दन की मांसपेशियों को कॉन्ट्रैक्ट करें और जब तक हो सके, सांस को रोके रहें। एक नथुने को पकड़ते हुए दूसरे से सांस छोड़ें। फिर दूसरे को पकड़ें और पहले से सांस छोड़ें। इस व्यायाम को दिन में तीन से पांच बार दोहराएं। जमीन पर चटाई बिछाकर पालथी मारकर बैठें। रीढ़ की हड्डी व सिर बिलकुल सीधा होना चाहिए और चेहरा सामने की ओर रखें। एक गहरी सांस लें और जब तक हो सके, उसे रोक कर रखें। इस दौरान प्राण (जो ऊर्जावान सांस आपने ली है) के बारे में सोचते रहें। धीरे-धीरे सांस छोड़ें। सांस छोडने़ का समय सांस लेने के समय से अधिक होना चाहिए। सीधे बैठें और तर्जनी उंगलियों को कानों पर रखें। गहरी सांस अंदर लें, उसे छोड़ते समय कार्टिलेज को धीरे से दबाएं। आप चाहें तो कार्टिलेज को दबाए रखें या मधुमक्खी जैसी तेज आवाज निकालते हुए उस पर उंगली रखते व हटाते रहें। फिर से सांस लें और इस प्रक्रिया को 6-7 बार दोहराएं। सांस लेने से शुरुआत करें, गले के पीछे वाले हिस्से को खींचते हुए आपकी सांस धीमी व रिलैक्स्ड होनी चाहिए। सांस लेते समय स्थिर हिसिंग आवाज निकालें, यह ध्वनि धीमी व कान को अच्छी लगने वाली होनी चाहिए। सांस लेने व छोड़ने की प्रक्रिया को बढ़ाते रहें, ध्यान रखें कि इससे शरीर के किसी भी हिस्से में दबाव न महसूस हो।





# नाशता नहीं करने से मोटापे का खतरा

अगर आपको मोटापे से बचना है तो नाश्ता करना अपनी आदत में शामिल करें क्योंकि अगर आप सुबह का नाश्ता नहीं करते तो मोटापे का खतरा और बढ़ जाता है। अगर आप सुबह नाश्ता नहीं करते है और ऐसे ही अपनी दिनचर्या चालू कर देते है तो ये आपके वजन बढ़ने का बहुत बड़ा कारण है क्योंकि ऐसे में आफ लंच ज्यादा कर लेते है जिससे वजन बढ़ता है। वहीं नाश्ते में आप कुछ खास चीजें ले सकते है जो आपके वजन को संतुलित रख सकता है। दलिया- वजन संतुलित रखने के लिए ज्यादातर लोग दलिया का सेवन करते हैं। इसे आप दूध में मिलाकर या फिर सब्जियों के साथ बनाकर खा सकते है। कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, मिनरल से भरपूर दलिया आसानी से पच जाता है। ओट्स- फाइबर का स्त्रोत माना जाता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट भी होते हैं, जो आपको स्वस्थ रखने के साथ दिल की बीमारियों से भी बचाते हैं। ओट प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मददगार है और शुगर व कॉलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रखता है। मल्टीग्रेन ब्रेड सैंडविच- नाश्ते के लिए मल्टीग्रेन ब्रेड सैंडविच सबसे फायदेमंद है। इसमें आप सब्जियां जैसे टमाटर, खीरा आदि डालकर बना सकते है।

## सांसों की बदबू ऐसे होगी दूर




इस भागदौड़भरी जिंदगी में अधिकांश लोगों को सांसों से आने वाली बदबू की शिकायत होती है। इससे वो खासे परेशान हो जाते हैं क्योंकि किसी से बात करते हुए बदबू आ जाना शर्मनाक होता है और सामने वाले को आपसे दूरी बनाकर रहना पड़ता है। इस तरह की शर्मनाक स्थिति से बचने के लिए जरुरी हो जाता है कि आप उन उपायों को अपनाएं जो कि यहां बताए जा रहे हैं। सांसों से बदबू हटाने और उन्हें तरोताजा रखने के लिए आपको महंगे माउथवॉश खरीदने की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए आप अपने शरीर में पानी के स?तर को बनाए रखने की कोशिश करें। इसके लिए जरुरी है कि कुछ खाद्य पदार्थो को आप अपने भोजन में शामिल करें। इस उपाय से ही आप सांसों की बदबू को दूर करने में कामयाब हो सकते हैं। दरअसल शरीर में पानी का स्तर गिरने से मुंह में लार का बनना कम हो जाता है, जिससे बदबू आना शुरु हो जाती है। इसलिए जरुरी है कि शरीर में पानी के स?तर को संतुलित रखा जाए। ताकि लार बनने से मुंह में पनपने वाले बैक?टीरिया साफ होते रहें। इससे सांसों में बदबू नहीं पनपती। इस पर मुंह में थोड़ा पानी लेकर हल्के-हल्के कुल्ला करें फिर या तो पानी को पी जाएं या थूक दें। संतरा और नींबू जैसे सिट्रक फलों में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, और विटामिन सी को बैक?टीरिया से लड़ने प्रभावी होता है। इसलिए ये फल सांसों की बदबू दूर करने में सहायक होते हैं। इसी प्रकार सेब का सेवन भी सांसों में बदबू पैदा नहीं होने देता। जब हम सेब को काटकर खाते हैं, तो हमारे मुंह में लार का स्राव तेजी से होता है। इससे हमारे मुंह की एक तरह से सफाई हो जाती है और सारे बैक?टीरिया निकल जाते हैं। फलों के अलावा दालचीनी की चाय भी मुंह से आने वाली बदबू को दूर कर सकती है। इसलिए आप सांसों को तरोताजा रखने और मुंह की बदबू को भगाने में इनका इस्तेमाल रोज ही कर सकते हैं।

# मोर पंख टालता है अमंगल

मोर के पंख के प्रयोग से अमंगल टल जाता है. वास्तु एवं ज्योतिष शास्त्र में मोर के पंखों का अति महत्त्वपूर्ण स्थान है. इसे भगवान श्री कृष्ण ने अपने मुकुट पर स्थान दे कर सम्मान दिया.

मोर को देवताओं का पक्षी होने का भी गौरव प्राप्त है. मोर सरस्वती देवी का भी वाहन है. इसलिए विद्यार्थी इस पंख को अपनी पाठ्य-पुस्तकों के मध्य भी प्राचीन काल से रखते आ रहें है. यही मोर भगवान शंकर के पुत्र कार्तिकेय का वाहन के रूप में भी प्रतिष्ठित है. नेपाल आदि देशों में मोर को ब्रह्मा की सवारी के रूप में माना जाता है. आयुर्वेद में भी मोर के पंख से टीबी, फालिज़, दमा, नजला तथा बांझपन जैसे रोगों का सफलतापूर्वक उपचार संभव होता है. उपरोक्त विवरण से तो ज्ञात हुआ कि विश्व में मोर का पंख कितना उपयोगी व महत्त्वपूर्ण है. यही मोर का पंख वास्तु शास्त्र के द्वारा जीवन कि दिशा बदलने में सहायक है.

जरा ध्यान से इसे नित्य प्रयोग में लाने से असंभव कार्य भी संभव से होने लगते है. निम्न प्रयोगों के द्वारा आप भी शुभ मोर के पंखों से लाभ उठा सकते है.



1. घर के दक्षिण-पूर्व कोण में लगाने से बरकत बढती है, कष्ट नहीं आता है.
2. यदि मोर का एक पंख किसी मंदिर में श्री राधा-कृष्ण कि मूर्ती के मुकुट में 40 दिन के लिए स्थापित कर प्रतिदिन मक्खन-मिश्री का भोग सायंकाल को लगाए, 41वें दिन उसी मोर के पंख को मंदिर से दक्षिणा-भोग दे कर घर लाकर अपने खजाने या लॉकर में स्थापित करें. तो आप स्वयं ही अनुभव करेंगे कि धन, सुख-शान्ति कि वृद्धि हो रही है. सभी रुके कार्य भी इस प्रयोग के कारण बनते जा रहे है.
3. काल-सर्प के दोष को भी दूर करने की इस मोर के पंख में अद्भुत क्षमता है. काल-सर्प वाले व्यक्ति को अपने तकिये के खौल के अंदर 7 मोर के पंख सोमवार रात्री काल में डालें तथा प्रतिदिन इसी तकिये का प्रयोग करे. और अपने बेड रूम की पश्चिम दीवार पर मोर के पंख का पंखा जिसमे कम से कम 11 मोर के पंख तो हों लगा देने से काल सर्प दोष के कारण आई बाधा दूर होती है.
4. बच्चा जिद्दी हो तो इसे छत के पंखे के पंखों पर लगा दे ताकि पंखा चलने पर मोर के पंखो की भी हवा बच्चे को लगे धीरे-धीरे हठ व जिद्द कम होती जायेगी.
5. मोर व सर्प में शत्रुता है अर्थात सर्प, शनि तथा राहु के संयोग से बनता है. यदि मोर का पंख घर के पूर्वी और उत्तर-पश्चिम दीवार में या अपनी जेब व डायरी में रखा हो तो राहु का दोष कभी भी नहीं परेशान करता है. तथा घर में सर्प, मच्छर, बिच्छू आदि विषेलें जंतुओं का भय नहीं रहता है.
6. नवजात बालक के सिर की तरफ दिन-रात एक मोर का पंख चांदी के ताबीज में डाल कर रखने से बालक डरता नहीं है तथा कोई भी नजर दोष और अला-बला से बचा रहता है.
7. यदि शत्रु अधिक तंग कर रहें हो तो मोर के पंख पर हनुमान जी के मस्तक के सिन्दूर से मंगलवार या शनिवार रात्रि में उसका नाम लिख कर अपने घर के मंदिर में रात भर रखें, प्रातःकाल उठकर बिना नहाये धोए चलते पानी में बहा देने से शत्रु, शत्रुता छोड़ कर मित्रता का व्यवहार करने लगता है.

# मुख्यमंत्री चौहान ने इंदौर में गुरुजी सेवा न्यास के नवनिर्मित मेडिकल सेंटर का किया शुभारंभ

## सेवा भाव के संस्कारों का केंद्र है इंदौर शहर - मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को इंदौर में श्री गुरुजी सेवा न्यास के नवनिर्मित माधव सृष्टि चमेली देवी अग्रवाल मेडिकल सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सह-सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के श्री सुरेश सोनी, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, क्षेत्रीय संघ संचालक श्री अशोक सोनी सहित श्री गुरुजी सेवा न्यास के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार एवं गुणवत्ता लाने के लिए समाज का सहयोग हमेशा से ही आवश्यक रहा है। इस सहयोग और सेवा भाव के निर्माण का कार्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा श्री गुरुजी सेवा न्यास के सेवा भारतीयों द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। सेवा भाव की इसी परंपरा से वशीभूत होकर निर्मित किए गए इस मेडिकल सेंटर के प्रकल्प के माध्यम से इंदौर स्वच्छता के साथ-साथ स्वस्थ शहर की ख्याति प्राप्त करने के पथ पर अग्रसर हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर सेवा भाव में केवल प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश में भी हमेशा से ही आगे रहा है। कोरोना काल में लगे



लॉकडाउन के समय प्रवासी मजदूरों की सेवा में इंदौर रहवासियों ने तत्परता से आगे बढ़कर सहयोग एवं सहायता प्रदान करते हुए समाज सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण पेश किया। इसी सामाजिक सहयोग के सकारात्मक साकार रूप का दर्शन इस प्रकल्प की अवधारणा में देखने को मिलता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समाज के प्रति समर्पण भाव एवं पीड़ित तथा जरूरतमंदों की स्वास्थ्य समस्याओं के निवारण के लिए श्री गुरुजी सेवा न्यास द्वारा निर्मित किए गए इस अनूठे तथा आधुनिक संसाधनों से परिपूर्ण मेडिकल सेंटर के निर्माण के लिए सभी सहयोगियों को शुभकामनाएँ व्यक्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि श्री गुरुजी सेवा न्यास के इस प्रकल्प को साकार रूप देने में राज्य शासन तथा जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर उत्सव प्रिय शहर है तथा यह प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी भी है। इसलिए कई जिलों एवं राज्यों के लोगों का यहाँ आवागमन बना रहता है। प्रदेश के पड़ोसी राज्यों तथा जिले में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामलों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने जिले वासियों से कोरोना के प्रति लापरवाही ना दिखाते हुए आवश्यक एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज के इस लोकार्पण कार्यक्रम में कोविड-19 प्रोटोकॉल तथा शासन की गाइडलाइन का पालन किया गया है, उसी तरह दैनिक दिनचर्या एवं अन्य आयोजनों में भी कोरोना वायरस से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करें समारोह में मेडिकल सेंटर के निर्माण में सहभागी रहे श्री गुरुजी सेवा न्यास के प्रांतीय पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। मेडिकल सेंटर में आयुष्मान कार्ड निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके तहत 4 हितग्राहियों को आज के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा आयुष्मान कार्ड भेंट किए गए। समारोह के अंत में श्री गुरुजी सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. मुकेश मोढ ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा वंदे मातरम के गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले में जरूरतमंद लोगों को सर्वसुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री गुरुजी सेवा न्यास द्वारा माधव सृष्टि चमेली देवी मेडिकल सेंटर स्थापित किया गया है।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में भू-माफियाओं के कब्जे से मुक्त हुई सोसायटी के भूखण्ड हितग्राहियों के कार्यक्रम में कन्या पूजन किया।

### मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद केरियर मार्ग दर्शन योजना के प्रशिक्षणार्थियों को किया संबोधित

# राज्य सरकार का प्रमुख टास्क है रोजगार - मुख्यमंत्री चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रोजगार सरकार के लिए बड़ा टास्क है। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। शासकीय सेवाओं में जितने आवश्यक पद है, उन्हें भरा जाएगा। इसके साथ ही स्व-रोजगार के लिए भी व्यापक व्यवस्थाएँ की गई हैं। युवाओं को अपना स्वयं का व्यवसाय आरंभ करने के लिये %%स्टार्ट योर बिजनस इन थर्टी डेज% की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही कौशल उन्नयन और व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था, लोन की गारंटी और ब्याज पर अनुदान की सुविधा भी प्रदेश के युवाओं को उपलब्ध करायी जा रही है। राज्य सरकार हर कदम पर आपके साथ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंगलवार को स्वामी विवेकानंद केरियर मार्ग दर्शन योजना के अंतर्गत कौशल विकास और स्व-रोजगार के लिए महाविद्यालयों में प्रशिक्षण ले रहे 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव तथा प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन भी उपस्थित थे। व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी का माना आभार मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार मानते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था भविष्य में युवाओं के लिये उपयोगी सिद्ध होंगी। स्वामी विवेकानंद केरियर मार्ग दर्शन योजना में ई-कामर्स, ऑनलाइन बैंकिंग और कम्प्यूटर कौशल पर प्रशिक्षण उद्यमशीलता के विकास में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासित होकर व्यवस्थित रूप से परिश्रम करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो पहल करते है, परिश्रम करते है, सफलता उन्हें ही मिलती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोन काल में ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था जारी रखने के लिये उच्च शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयलीन स्तर पर व्यवसायिक प्रशिक्षण के नवाचार से मध्यप्रदेश की पूरे देश में अलग पहचान बनेंगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केरियर मार्ग दर्शन योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा वर्ष 2006 में आरंभ की गई। इस योजना में पहली बार आधुनिक तकनीक के माध्यम से 498 शासकीय महाविद्यालयों के 18 हजार 800 विद्यार्थियों और 1600 प्रधायपकों ने एक साथ स्व-रोजगार और रोजगार का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण नरोन्हा प्रशासन अकादमी द्वारा ऑनलाइन दिया गया है। मंत्री डॉ. यादव ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी।

## बिना मास्क पहने घूमने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही

**भोपाल** । नगर निगम भोपाल द्वारा कोविड-19 की गाईड लाईन का पालन न करते हुए मास्क न लगाने तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही निरंतर की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अपने-अपने जोन क्षेत्र अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मास्क न पहनने वालों के 59 प्रकरणों में 05 हजार 900 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की, वहीं लोगों को मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी और मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकले। मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा मास्क न पहनने के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के आदेश के परिपालन में निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी के आदेश पर निगम के सभी जोनों के अंतर्गत मास्क न लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने विरूद्ध कार्यवाही करते हुए निगम अमले ने मंगलवार को 59 व्यक्तियों पर 05 हजार 900 रूपये का फाईन किया गया और मास्क पहनने की समझाईश भी दी गई।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सप्तपर्णी का पौधा लगाया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट रोड स्थित स्मार्ट पार्क में आज सप्तपर्णी का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नर्मदा जयंती पर प्रतिदिन पूरे वर्ष पौध-रोपण का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान जन-जन को भी निरंतर पौध-रोपण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान का विश्वास है कि वृक्ष ही जीवन है और ऑक्सीजन का मुख्य स्त्रोत होने से जीवन का आधार भी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान जलवायु परिवर्तन की गति को धीमा करने के लिए भी वृक्षारोपण को आवश्यक मानते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा आज रोपा गया सप्तपर्णी का पौधा एक सदाबहार औषधी है, जिसका आयुर्वेद में बहुत महत्व है। यह खुले घावों को ठीक करने, पीलिया, मलेरिया और दुर्बलता दूर करने में उपयोगी होता है।



# मुख्यमंत्री चौहान किसानों के लिये सगे भाई से बढ़कर है - मंत्री पटेल

**भोपाल।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने मंगलवार को कृषि उपकरण हार्वेस्टर पर लगने वाले पंजीयन शुल्क को 10 प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत करने पर प्रदेश के किसानों की ओर से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि किसान हितैषी मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश के किसानों के लिये सगे भाई से भी बढ़कर है। उनकी योजनाएँ किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही सामाजिक कल्याण के लिये होती है। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में किसानों के लिये खरीफ और रबी के अल्पावधि ऋण को भी शून्य प्रतिशत पर प्रदान कराने का निर्णय अभिनंदनीय है। इससे निश्चित ही किसानों को विभिन्न प्रकार की फसलों के उत्पादन के लिये प्रोत्साहन मिलेगा साथ ही उनकी आय में भी वृद्धि होगी। श्री पटेल ने बताया कि किसानों को शून्य प्रतिशत पर ऋण उपलब्ध कराने के लिये सरकार ने एक हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है।

**उपकरण खरीदी पर पंजीयन शुल्क 1 प्रतिशत करने पर किया आभार व्यक्त**

# शिवपुरी नगर में सुव्यवस्थित जल प्रदाय के लिये तात्कालिक एवं दीर्घकालिक कार्य योजना अमल में लायें - मुख्यमंत्री चौहान

## मुख्यमंत्री चौहान द्वारा शिवपुरी जल प्रदाय योजना की समीक्षा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि शिवपुरी नगर की जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये मड़ीखेड़ा जल प्रदाय योजना अंतर्गत तात्कालिक और दीर्घकालिक कार्य योजना तैयार कर उसे अमल में लाया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान शिवपुरी नगर की पेयजल प्रदाय समस्या के निराकरण के लिये उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्री



ओ.पी.एस.भदोरिया, अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नगरीय कल्याण श्री नीतेश व्यास, प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह और आयुक्त नगरीय विकास श्री निकुंज श्रीवास्तव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी शिवपुरी नगर की जल प्रदाय योजना सुव्यवस्थित संचालित क्यों नहीं हो पा रही है, निर्माण में क्या कमियाँ हैं, इसके लिये कौन उत्तरदायी है आदि बिन्दुओं पर जाँच की जाएँ। नगरवासियों को प्रतिदिन पर्याप्त पेयजल मिले सके इसके लिये तत्काल कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। समस्या का समय-सीमा में स्थायी समाधान आवश्यक है। मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने शिवपुरी नगर की जल प्रदाय योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मड़ीखेड़ा जल प्रदाय योजना के रॉ-वाटर राईजिंग, क्लीयर वाटर राईजिंग और फीडर मेन पाइप लाइन के बार-बार फूटने से जल प्रदाय बाधित होता है। उन्होंने नगरवासियों को इससे होने वाली परेशानी से अवगत कराया और शीघ्र ही जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार लाने की आवश्यकता बताई। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में शिवपुरी नगर में माधव लेक से पाँच एम.एल.डी., भू-जल स्त्रोतों से पाँच एम.एल.डी. और मड़ीखेड़ा जल प्रदाय योजना से 20 से 22 एम.एल.डी. जल उपलब्ध होता है। इस प्रकार कुल 30 से 32 एम.एल.डी. जल प्रदाय हो रहा है। नगर की आबादी की मांग के अनुसार 32.55 एम.एल.डी. जल की आवश्यकता रहती है।

# झूलन मंधाना और पूनम के शानदार प्रदर्शन से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**लखनऊ ।** अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी स्मृति मंधाना और पूनम राउत के शानदार प्रदर्शन से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की है। झूलन ने इस मैच में 10 ओवर में 42 रन देकर चार खिलाड़ियों को पेवेलिन भेजा। उनके अलावा राजेश्वरी गायकवाड़ ने 37 रन देकर तीन जबकि मानसी जोशी ने 23 रन देकर दो विकेट लेकर मेहमान दक्षिण अफ्रीकी टीम को 41 ओवर में ही 157 रनों पर आउट कर दिया। इसके बाद जीत के लिए मिले 158 रनों के लक्ष्य को मंधाना के नाबाद 80 रनों से आसानी से हासिली कर लिया। मंधाना और राउत ने दूसरे विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी बनायी जिससे भारत ने 28.4 ओवर में ही एक विकेट पर 160 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। भारत की ओर से आउट होने वाली एकमात्र बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स रहीं। जेमिमा ने नौ रन बनाये उन्हें शबनम इस्माइल ने आउट किया। मंधाना ने अपनी



पारी में 10 चौके और तीन छक्के जबकि राउत ने आठ चौके लगाए। मंधाना ने इस्माइल के पहले ओवर में ही लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने अपना तीसरा छक्का नॉकुलुलेको मलाबा पर लगाया। उन्होंने 20वें ओवर में इस्माइल पर लगातार दो चौके लगाकर 46 गेंदों पर अपने वनडे करियर का 18वां अर्धशतक पूरा किया। राउत ने शुरू में संभलकर बल्लेबाजी की पर बाद में उन्होंने भी कुछ आकर्षक शॉट लगाए। वह नडीन डि क्लर्क पर फाइन लेग पर चौका लगाकर अपने 50 रन पूरे किये। यह उनके करियर का 14वां अर्धशतक है। मंधाना ने डि क्लर्क पर ही लगातार दो चौके लगाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले बल्लेबाजी के दौरान मेहमान टीम भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर पायीं। केवल लारा गुडॉल ही 49 रन बना पायीं। उनके अलावा कप्तान साने लुस ने 36 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका की केवल पांच बल्लेबाज ही दो अंक तक पहुंच सकीं। झूलन और मानसी ने सही लाइन व लेंथ से गेंदबाजी की तथा पिछले मैच में पहले विकेट के लिए शतकीय भागीदारी निभाने वाली लिजली ली और लॉरा वॉलवार्ट की सलामी जोड़ी को सस्ते में ही आउट कर दिया। ली को झूलन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया जबकि वॉलवार्ट कैच हुई । इसके बाद लुस और गुडॉल ने तीसरे विकेट के लिये 60 रन जोड़कर पारी संभालने की कोशिश की। मानसी ने 21वें ओवर में लुस को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद स्पिनरों ने जिम्मेदारी संभाली तथा दीप्ति शर्मा और राजेश्वरी ने बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। राजेश्वरी ने 26वें ओवर में मिगनॉन डु प्रीज (11) को दीप्ति के हाथों कैच कराया। मिताली ने इस बीच गेंदबाजी में कुछ अच्छे बदलाव किए। हरमनप्रीत कौर ने अपनी पहली गेंद पर ही गुडॉल को बोल्ड करके मेहमान टीम को झटका दिया।



## आईपीएल के पहले चरण में दर्शकों को इसलिए नहीं दे रहे प्रवेश : गांगुली

**कोलकाता ।** अगले माह अप्रैल में होने वाले इंडिया प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण के मुकाबलों में दर्शकों को प्रवेश नहीं दिये जाने को लेकर बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने जवाब दिया है। गांगुली ने कहा है कि आईपीएल में आठ टीमों के साथ अलग-अलग स्थानों पर खेले जाने वाले मैचों में दर्शकों के होने से कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ जाएगा। इसी कारण दर्शकों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी है। वहीं भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैचों में दर्शकों को प्रवेश की इजाजत दिये जाने पर बोर्ड अध्यक्ष ने कहा %% आईपीएल द्विपक्षीय सीरीज से थोड़ा-अलग होगा। इसमें यदि आप प्रशंसकों को प्रवेश देते हैं तो हालात कठिन हो जाएंगे क्योंकि टीमें बीच में खेल रही होंगी, कुछ टीमें बाहर अभ्यास कर रही होंगी। स्टेडियम के बाहर बहुत सी पिचें अभ्यास के लिए हैं। ऐसे में भीड़ होने से वह खिलाड़ियों के करीब आएगी ओर खतरा बढ़ जाएगा।%% वहीं क्या आईपीएल के दूसरे चरण में दर्शकों को प्रवेश दिये जाने के एक सवाल पर गांगुली ने कहा, %%अभी मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता। यह सब हालातों पर निर्भर करेगा।%% पिछले साल बीसीसीआई ने बिना दर्शकों के आईपीएल 2020 का सफलतापूर्वक आयोजन किया था।

# बदलाव के दौर में मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का लाभ मिलेगा: कोहली



**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम में एक के बाद एक प्रतिभाशाती खिलाड़ियों के सामने आने से कप्तान विराट कोहली बेहद उत्साहित हैं। विराट का कहना है कि किसी भी टीम के लिए एक मजबूत बेंच स्ट्रेंथ होना बेहद अहम रहता है। इससे बदलावों में सहायता मिलती है। ऐसे में जब अगले कुछ वर्षों में टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी तो उसे परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि उसके पास पहले सही अनुभवी खिलाड़ी रहेगे। वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे कई युवा खिलाड़ियों के आने से भारतीय टीम ने घरेलू मैदानों के साथ ही विदेशी धरती पर भी जीत दर्ज की हैं। भारतीय टीम को जिस प्रकार ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद स्वदेश में शुरुआती हार के बाद जीत मिली वह इस बात को साबित करती है कि अब टीम में जुनूनी युवा हैं जो हर हालात का सामना कर सकते हैं। कोहली ने कहा, ''हमारी बेंच स्ट्रेंथ बेहद मजबूत है और यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। जब टीम में बदलाव का दौर आयेगा तो इसके प्रदर्शन के स्तर में गिरावट नहीं होगी। कोहली ने कहा, ''हमें चेन्नई में पहले मैच के बाद टीम की बॉडी लैंग्वेज को सही किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हर टीम बेहतरीन है और घरेलू मैदान पर भी उन्हें हराने के लिए हमें कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। लय और पैनापन को हमें आगे भी जारी रखना होगा। यही हमारी टीम की पहचान है।'' वहीं अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने कहा कि श्रृंखला में जब भी हमारे लिए परिस्थिति चुनौतीपूर्ण होती थी तब कोई ना कोई खिलाड़ी आगे आकर शानदार प्रदर्शन करता था। अश्विन ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की भी सराहना करते हुए कहा कि इस युवा विकेटकीपर बल्लेबाज की खेल के दिग्गजों से तुलना करना सही नहीं है।

## एशिया कप के लिये राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना चाहती है यह महिला स्ट्राइकर

**नई दिल्ली ।** जूनियर महिला हॉकी स्ट्राइकर ब्यूटी डुंगडुंग ने कहा कि उनका लक्ष्य इस साल के अंत में होने वाले एशिया कप के लिये राष्टीय टीम में जगह बनाना है। डुंगडुंग ने सैंटियागो में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच गोल किये थे। झारखंड की इस खिलाड़ी ने चिली की जूनियर टीम के खिलाफ पहले मैच में गोल की हैट्रिक लगायी जिसमें भारत ने 5-3 से जीत हासिल की। भारतीय टीम ने फिर चिली की सीनियर टीम




को तीन बार 4-2, 2-0 और 2-1 के स्कोर से पराजित किया जबकि एक बार 2-2 से ड्रा खेला। इस खिलाड़ी ने कहा, चिली में अच्छा करने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया और पांच गोल करना मेरे लिये विशेष था। उन्होंने कहा, अब मेरा लक्ष्य राष्टीय शिविर में अपना कौशल सुधारना है और उम्मीद करती हूं कि मैं जूनियर एशिया कप के लिये टीम में जगह बना पाऊंगी जिसमें हमें शीर्ष तीन में रहने की जरूरत है, तभी हम दक्षिण अफ्रीका में इस साल दिसंबर में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप (महिला) के लिये क्वालीफाई कर पायेंगे।



ओरलैंडो में आमंत्रण गोल्फ मुकाबले में भाग लेते हुए जोर्डन स्पीथ।

## 5000एमएएच बैटरी और 64एमपी बैटरी से लैस सैमसंग गैलेक्सी ए32 4जी भारत में लॉन्च



**नई दिलली।** दक्षिण कोरिया की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी सैमसंग ने भारत में अपना नया फोन गैलेक्सी ए32 4जी चुपचाप लॉन्च कर दिया है। इस फोन को 5 मार्च को लॉन्च किया जाना था। सैमसंग गैलेक्सी ए32 4जी को कंपनी की आधिकारिक भारतीय वेबसाइट पर लिस्ट कर दिया गया है। साथ ही इसकी कीमत और फीचर्स की जानकारी भी दी गई है। यह 90हर्ट्ज रिफ्रेश रेट, 5000 एमएएच की बैटरी और 64 मेगापिक्सल का सेंसर दिया गया है। इस फोन को सबसे पहले रूस में लॉन्च किया गया था। इस फोन का 5जी वेरिएंट जनवरी 2021 में यूरोपियन मार्केट में लॉन्च किया गया था। सैमसंग गैलेक्सी ए32 4जी को एक ही वेरिएंट में भारत में लॉन्च किया गया है। यह 6 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज से लैस है। इसकी कीमत 21,999 रुपये है। इसे एवसम वॉयलेट, एवसम ब्लैक, एवसम ब्लू और एवसम व्हाइट कलर में खरीदा जा सकेगा।

## फास्ट्रेक ने लांच किए तीन प्रोडक्ट

**नई दिल्ली।** भारत में फास्ट्रेक ने अपने फास्ट्रेक रेफलेक्स पोर्टफोलियो के अंतर्गत तीन प्रोडक्ट्स फास्ट्रेक रेफलेक्स 3.0, फास्ट्रेक रेफलेक्स 2सी पे और फास्ट्रेक रेफलेक्स टयून्स को लॉन्च किया है। भारत में इस स्मार्ट फिटनेस बैंड कीकीमत 2495 रुपये है और यह डुअल-टोन स्मार्टबैंड है जो 10 से ज्यादा स्पोर्ट्स मोड और 20 वॉच फेस ऑफर करता है। इसमें फुल टच कलर डिस्प्ले है और आप इसके जरिए म्यूजिक और कैमरा कंट्रोल कर सकेंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि यह बैंड 10 दिनों की बैटरी लाइफ का वादा करता है। रेफलेक्स 3.0 वाटर रेसिस्टेंट है और इसमें हार्ट रेट मॉनिटर, फोन फाइंडर, आइडल ट्रैकर, स्लीप ट्रैकर, वाइब्रेशन अलार्म जैसे कमाल के फीचर्स मिलते हैं। फास्ट्रेक रेफलेक्स टयून्स में कई प्रोडक्ट्स उतारे गए हैं और इनमें ओवर द हेड, ?बिहाइंड द नेक और ट्रूली वायरलेस हेडफोन्स और ईयरबड्स लॉन्च किए हैं। फास्ट्रेक रेफलेक्स टयून्स एंड्रॉयड और आईओएस के साथ कम्पैटिबल है और यह ब्लूटूथ वर्जन 5 से लैस हैं। ये प्रोडक्ट्स कंपनी के फास्ट्रेक स्टोर्स और फास्ट्रेक.इन पर उपलब्ध हैं और इनकी कीमत 1795 रुपये से शुरू होती है।

# शाओमी का फोल्डेबल स्मार्टफोन इस साल होगा लॉन्च, बाहर की तरफ मुड़ेगी स्क्रीन

### -फोल्डेबल स्मार्टफोन मार्केट में एमआई मिक्स 4 प्रो मैक्स के नाम से लॉन्च किया जा सकता है

**नई दिल्ली।** शाओमी इस साल अपना फोल्डेबल स्मार्टफोन लॉन्च करने वाली है। एक लीक रिपोर्ट की मानें तो शाओमी इस फोल्डेबल स्मार्टफोन को अपनी पॉप्युलर एमआई मिक्स सीरीज के तहत लॉन्च कर सकती है। डिस्प्ले सर्च की रॉस यंग की मानें तो शाओमी का यह फोल्डेबल स्मार्टफोन मार्केट में एमआई मिक्स 4 प्रो मैक्स के नाम से लॉन्च किया जा सकता है। यंग की इस बात को सही भी माना जा सकता है क्योंकि शाओमी अपनी एमआई मिक्स सीरीज में नई टेक्नॉलजी और फीचर ऑफर करती है। यंग ने आगे बताया कि शाओमी के इस फोल्डेबल स्मार्टफोन का डिस्प्ले चाइना स्टार ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नॉलजी (सीएसओटी) सप्लाई करने वाली है। यह कंपनी टीसीएल की डिस्प्ले सब्सिडियरी है। कुछ दिन पहले ऐसी



रिपोर्ट्स भी आई थीं, जिनमें कहा गया था कि शाओमी अपने फोल्डेबल फोन में सैमसंग का डिस्प्ले इस्तेमाल करेगी। हालांकि, रॉस यंग ने बताया कि सैमसंग जरूर शाओमी को फोल्डेबल डिस्प्ले देने वाला है, लेकिन यह डिस्प्ले शाओमी के इन-फोल्डिंग स्मार्टफोन्स के लिए होगा जिसे कंपनी बाद में लॉन्च करेगी। यंग ने एक ट्विटर यूजर को रिप्लाई करते हुए कहा कि एमआई मिक्स 4 प्रो मैक्स में बाहर की तरफ फोल्ड होने वाला डिस्प्ले डिजाइन मिलेगा, जैसा पहले हुवावे मेट एक्सएस में देखा जा चुका है। यंग ने यह भी अफवाहों का जिक्र करते हुए बता कि शाओमी के इस अपकमिंग स्मार्टफोन में दिया गया डिस्प्ले फोल्ड होने पर 6.38 इंच का हो जाता है। शाओमी ने साल 2019 में पहली बार फोल्डेबल स्मार्टफोन के वर्किंग प्रोटोटाइप को शोकेस किया था। इसके बाद से ही यूजर्स को इस फोन के कमर्शल लॉन्च का इंतजार है। कंपनी ने इस फोन के लिए कई अलग-अलग डिजाइन का पेटेंट कराया है जिसमें एक पॉप-अप सेल्फी कैमरा वाला मॉडल भी शामिल है।

### शिवरात्रि, होली, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, रमजान, बैशाखी व रामनवमी आदि, त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में की गई अपील

# शिवरात्रि व रंगों के त्यौहार होली सहित सभी त्यौहार शांति, सदभाव और आपसी भाईचारे से मनाएँ

**ग्वालियर।** महाशिवरात्रि, रंगों का त्यौहार होली, शबे बरात, गुड़ी पड़वा, चैती चाँद, बैशाखी, नव दुर्गा महोत्सव, रामनवमी, महावीर जयंती, रमजान एवं गुड फ्राइडे त्यौहार शांति, सदभाव एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील जिला शांति समिति ने की है। साथ ही सभी धर्मों के धर्मावलंबियों से आग्रह किया गया है कि इन त्यौहारों के दौरान सभी लोग कोविड गाइडलाइन का अवश्य पालन करें। पूजा घरों पर आने वाले सभी श्रृद्धालु अनिवार्यतः मास्क पहनें और पूजा घरों में भी सेनेटाइजर व मास्क की पर्याप्त व्यवस्था रहे। शांति समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में खासतौर पर 11 मार्च से 27 अप्रैल तक की अवधि में पड़ने वाले तीज-त्यौहारों के आयोजन पर चर्चा हुई। शांति समिति ने धार्मिक आयोजन के दौरान आम नागरिकों की सुविधाओं व शहर की व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी शहरवासियों से की है। शांति समिति के सदस्यगण भी अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाएँ बनाए रखने में सक्रिय



भागीदारी निभायेंगे। शांति समिति ने जिले वासियों से आग्रह किया है कि होलिका दहन में पूरी सावधानी बरतें अर्थात डाम्बरीकृत सड़क, बिजली, टेलीफोन व केबिल बायर के नीचे होलिका दहन न करें। लकड़ी के स्थान पर कण्डों से होलिका बनाएँ। होली त्यौहार पर प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करें और पानी का अपव्यय न करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा है कि त्यौहारों पर पूजा घरों में जमा होने वाले श्रृद्धालुओं की संख्या तय नहीं की गई है। पर कोविड महामारी को ध्यान में रखकर सभी लोग मास्क अवश्य लगाएँ और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी करें। उन्होंने इन सभी त्यौहारों पर पानी, बिजली व साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही मंदिर-मस्जिद, गुरूद्वारा, गिरिजाघर सहित अन्य पूजा घरों के आस-पास भी बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सांघी ने समिति को भरोसा दिलाया कि होलिका पर्व पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये एहतियात के तौर पर पुख्ता इंतजाम रखे जायेंगे। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को सख्ती से रोका जायेगा। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में दोनों त्यौहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। साथ ही थाना स्तर पर भी शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए। शांति समिति के सदस्यों ने कोविड महामारी नियंत्रण के लिये बेहतर व्यवस्थायें अंजाम देने के लिये कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी व नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा सहित सभी अधिकारियों को गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया। शांति समिति की बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री रिंकेश वैश्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डेय व श्री सतेन्द्र सिंह तोमर सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। साथ ही संत कृपाल सिंह जी, शहरकाजी अब्दुल अजीज कादिरी तथा सर्वश्री एम एल अरोरा, डॉ. कुंदवानी, बसंत गोडियाले, काजी तनवीर, राजू फ्रांसिस, शरद गौतम, डॉ. राजकुमार दत्ता, सुनील पाठक, विनायक गुप्ता, डॉ. सत्यप्रकाश व विनोद शर्मा समेत समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में मौजूद मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को साफ तौर पर हिदायत दी कि इन त्यौहारों के दौरान बिजली आपूर्ति कदापि बाधित न हो। उन्होंने कहा हर क्षेत्र के लिये नामजद ड्यूटी लगाएँ। वरिष्ठ विद्युत अधिकारी स्वयं भ्रमण कर देखें कि विभागीय अमला इन त्यौहारों के दिन अपनी ड्यूटी पर तैनात रहें।

### कलेक्ट्रेट की महिला जन-सुनवाई में 79 महिलायें पहुँचीं

# महिला जन-सुनवाई ने दुःखी महिलाओं के पोंछे आँसू



**ग्वालियर।** कीर्ति को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में नौकरी ज्वॉइन करने के लिये चरित्र प्रमाण-पत्र की जरूरत थी। तृप्ति को चिंता थी कि अगर कल तक बच्ची की फीस जमा नहीं हुई तो वह परीक्षा में नहीं बैठ पायेगी। दिव्यांग चन्द्रावती नौकरी व स्व-रोजगार की आस में दफ्तरों के चक्कर लगा रही थीं तो रिंकी अपने इलाज को लेकर और खाद्यान्न पर्ची न मिलने से दुखी थीं। कलावती की परेशानी थी कि उनके खाते से किसी ने छलपूर्वक उनकी जमा पूँजी निकाल ली थी। इन सभी महिलाओं की समस्याओं का समाधान महिलाओं के लिये हुई विशेष जन-सुनवाई में हो गया। लेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की पहल पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में महिलाओं के लिये विशेष जन-सुनवाई का आयोजन किया गया। जन-सुनवाई में पहुँचीं सभी महिलाओं को सम्मानपूर्वक कुर्सियों पर बिठाया गया। साथ ही चाय-पानी से आव-भगत भी की गई। परपट की पहाड़िया वीरपुर निवासी कु. कीर्ति कुशवाह ने महिलाओं की जन-सुनवाई में पहुँचकर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से आग्रह किया कि सर मेरा चयन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में हो गया है। मुझे दो दिन बाद अपनी नौकरी ज्वॉइन करनी है। इसके लिये एसडीएम स्तर के अधिकारी के चरित्र सत्यापन प्रमाण-पत्र की जरूरत है पर तकनीकी कारणों से प्रमाण-पत्र बन नहीं पा रहा है। जन-सुनवाई में अपर जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष तिवारी ने हस्ताक्षर कर तत्काल कीर्ति का चरित्र प्रमाण-पत्र बना दिया। फिर क्या कीर्ति खुशी से फूली नहीं समाई। कलेक्टर श्री सिंह ने कीर्ति को प्रमाण-पत्र सौंपा और कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास का मोबाइल फोन नम्बर देकर कहा कि और कोई मदद की जरूरत हो तो जरूर बताना । माधौगंज ग्वालियर से जन-सुनवाई में पहुँचीं श्रीमती तृप्ति गायकवाड़ ने कलेक्टर से दुःखी मन से गुहार लगाई कि मेरी बिटिया रामश्री किड्स स्कूल में पढ़ती है। पति का देहांत हो चुका है। आय का कोई जरिया नहीं है। इसलिये बच्ची की फीस नहीं भर पा रहे हैं।

# राज्य निर्वाचन आयोग मार्च में करेगा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा

### आयोग ने राजनैतिक दलों के सदस्यों के साथ की बैठक

**ग्वालियर।** राज्य निर्वाचन आयोग में नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के संबंध में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देशानुसार आयोग मार्च में एक निर्वाचन की घोषणा अनिवार्यतः करेगा। बैठक में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों ने कहा कि पहले त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन करवाये जायें।



प्रतिनिधियों का कहना था कि पंचायत निर्वाचन अभी नहीं करवाये गये तो वर्षा ऋतु में पंचायत निर्वाचन संभव नहीं होंगे, क्योंकि एमपी बोर्ड की परीक्षाएँ 30 अप्रैल से 18 मई तक और सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएँ 4 मई से 12 जून तक निर्धारित हैं। नगरीय निकाय निर्वाचन वर्षा ऋतु में भी हो सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि पंचायत निर्वाचन के संबंध में बहुत सी कार्यवाही शासन स्तर पर लंबित है। यह कार्यवाही आगामी 15 से 20 दिन में पूरा होने की स्थिति में ही पंचायत निर्वाचन करवाने पर विचार किया जा सकता है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पहले नगरीय निकायों के निर्वाचन करवाये जायेंगे। बैठक में कुछ राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतपत्र से निर्वाचन कराने की बात कही। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन ईव्हीएम से ही करवाये जायेंगे। राजनैतिक दलों के सदस्यों द्वारा मतदाता सूची में हुई त्रुटियों की जानकारी देने पर राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

# शिवरात्रि पर्व पर अचलेश्वर न्यास पर कोविड गाइड लाइन से होंगे दर्शन

**ग्वालियर।** श्री अचलेश्वर महादेव सार्वजनिक न्यास द्वारा 11 मार्च को शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। कोविड 19 के चलते सरकार की गाइड लाइन का जहां पूरा पालन किया जायेगा वहीं प्लास्टिक की पन्नी को भी पूरे परिसर में प्रतिबंधित किया जायेगा। वहीं बुजुर्ग, गर्भवती माताएं और बच्चों के दर्शन को भी प्रतिबंधित किया गया है। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये श्री अचलेश्वर महादेव सार्वजनिक न्यास ग्वालियर के अध्यक्ष हरीदास अग्रवाल , सचिव भुवनेश्वर वाजपेयी ने कहा कि सभी शिव भक्त से अनुरोध है कि वह घरों में ही बैठकर भगवान शिव की आराधना करें। शिवालय आने की कोशिश ना करें। इतना ही



नहीं किसी भी शिवालय में पिण्डी को स्पर्श ना करें, गंगाजल , वेलपत्री , फूल दूर से ही समर्पित करें। मुंह पर मास्क पहने एक दूसरे से पर्याप्त तीन फुट की दूरी बनाये रखें, बार बार साबुन से हाथ धोयें। उन्होने बताया कि इस बार भगवान के दर्शन अन्ना डोसा वाले के पास वाली गली से ललितपुर कालोनी से एमएलबी वाले रास्ते से होते हुये गर्भगृह पहुंचेंगे, महिलाओं और पुरूषों की अलग-अलग लाइनें होंगी। नंदी द्वार से मंदिर ट्रस्टी जन की व्यवस्था की गई है।



# ओजस्विनी विचार मंच की द्वितीय वर्षगांठ पर हुए रंगारंग कार्यक्रम, कविता, भजन, फाग गाकर मनाई वर्षगांठ

**ग्वालियर ।** बड़े हर्ष और उल्लास के साथ 46 बहनों की प्रतिभागिता ने विचार मंच की द्वितीय वर्षगांठ को रंगारंग कार्यक्रम द्वारा यादगार बना दिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अपर्णा पाटिल उपस्थित रहीं एवं अध्यक्षता डॉ. राजरानी शर्मा ने की । बहनों द्वारा गीत, कविता, भजन, फाग आदि की मनमोहक प्रस्तुति ने बसंत और होली की अनुपम छटा बिखेर कर कार्यक्रम को रोमांच से भर दिया । कई बहनों ने ओजस्विनी विचार मंच से जुड़ने के बाद उनके व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। स्ड्ठ्स्त्रद्ध4ड्डस्त्रद्गह्यद्ध संचालन श्रीमती प्रेक्षा नाइक, वार्षिक प्रतिवेदन डॉ मंदाकिनी शर्मा, सरस्वती वंदना श्रीमती नीलम शुक्ला, अतिथि परिचय श्रीमती अमिता गुप्ता एवं आभार डॉ कल्पना शर्मा ने किया । कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रतिभागी बहनों में मुख्य रूप से मानसी सोलापुर, रिचा गुप्ता, नीतू भारद्वाज, अर्चना बामनगया, मंजू शर्मा, सीमा दुबे, जाई शेजवलकर, शारदा बलौदी,जिज्ञासा सिंह, अर्पणा मिश्रा, तुलसी गुप्ता,मोहिनी गुप्ता और नन्ही परी रित्विका आदि बहनों ने भाग लिया । सभी बहनों की उपस्थिति और उत्साह ने मंच को नई ऊर्जा और शक्ति से भर दिया ।

# ग्वालियर मेले में स्व-सहायता समूह एक से बढ़कर एक उत्पाद लेकर आए हैं

### शिल्प बाजार में सजी हैं स्व-सहायता समूहों की दुकानें

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला के शिल्प बाजार परिसर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों ने भी अपने हस्तशिल्प उत्पादों की दुकानें लगाई हैं। जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इन दुकानों का विधिवत शुभारंभ किया। ग्वालियर ङ्क चंबल संभाग के 10 स्व-सहायता समूहों की दुकानें ग्वालियर व्यापार मेले में लगी हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल ने बताया कि मेले में ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, भिण्ड, मुरैना व श्योपुर जिले के स्व-सहायता



समूह अपने-अपने उत्पाद लेकर मेले में आए हैं। इनमें चंदेरी की साड़ियाँ, गुना जिले के रस्सी के झूले व धनिया, दतिया जिले के प्रसिद्ध पापड़ व अचार, मुरैना का सहज पेठा व गजक, श्योपुर व भिण्ड जिले के सेनेट्री नेपकिन, साबुन, फिनायल, हैण्डवॉश तथा स्थानीय ग्वालियर जिले के समूहों के शुद्ध हल्दी, धनिया, मिर्ची व अन्य मसाले प्रमुख हैं। स्व-सहायता समूहों की दुकानों के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव ने चंदेरी की साड़ी खरीदकर समूहों का मनोबल बढ़ाया। साथ ही उन्होंने सभी समूहों की दुकानों पर पहुंचकर उनके उत्पाद देखे। ग्वालियर जिले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा संचालित दीदी कैफे सभी के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। शिल्प बाजार में स्व-सहायता समूहों की दुकानों के शुभारंभ अवसर पर ग्राम बंधौली के स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित दीदी कैफे पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव व सीईओ श्री किशोर कान्याल ने चाय की चुस्कियों का आनंद लिया।

# उल्लेखनीय कार्यों के लिए एलसीसी सदस्यों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**ग्वालियर ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर ग्वालियर में मंगलवार को विशेष महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी आयोजन के तहत महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के संबंध में बनी जिला सलाहकार समिति एलसीसी के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय



स्थानीय परिवाद समिति की चेयर पर्सन सुश्री रुचि मोदी, सदस्य जावेद खान और सुनीता यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजीव सिंह , एडीएम आशीष तिवारी व सहायक संचालक महिला सशक्तिकरण आदि मौजूद थे।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478